दिल्ली के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से आग्रह किया है कि सूबे में पार्टी की कमान किसी अनुभवी व दमदार नेता के हाथों में दी जानी चाहिए। लोकसभा के चुनाव में कद्दावर नेताओं के दम पर विपरीत हालात में भी दूसरे नंबर पर जगह बनाने में कामयाब रहने की दलील देते हुए इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष से कहा कि भाजपा व आम आदमी पार्टी की चुनौती से निपटने के लिए किसी वरिष्ठ नेता को ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का चेहरा बनाया जाना चाहिए। पूर्व अध्यक्षों ने इस मामले में फैसला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया। अगले दो-तीन दिन में सूबे के नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाम का एलान कर दिए जाने की संभावना है।

दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको की अगुआई में सूबे में पार्टी के पूर्व अध्यक्षों ताजदार बाबर, सुभाष चोपड़ा, अजय माकन व अरविंदर सिंह लवली ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से उनके निवास पर मुलाकात की। दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर राय शुमारी को लेकर हुई इस बैठक में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल किन्हीं कारणों से नहीं पहुंच पाए। कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्षों की करीब एक घंटे तक चली बैठक में सभी ने कहा कि दिल्ली में नेतृत्व पर फैसला लेने में और ज्यादा देरी नहीं की जानी चाहिए क्योंकि इससे चुनावी तैयारियों पर फर्क पड़ रहा है।

दूसरी बात यह कही गई कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में हवा नहीं थी, लेकिन बड़े नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से कांग्रेस के पक्ष में हवा बनी और पार्टी दूसरे नंबर पर पहुंच गई। लिहाजा, विधानसभा चुनाव में भी किसी दमदार और अनुभवी नेता के हाथों में ही कमान सौंपी जानी चाहिए।

archies
The most special way to say you care
आर्चीज लिमिटेड
रजिस्टर्ड कार्यालय नं. 191 F, सेक्टर-4, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा- 122050
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : L36999HR1990PLC041175, वेबसाइट : www.archiesonline.com
ईमेल : archies@archiesonline.com, दूरभाष : +91 124 4966666

सूचना

29वीं वार्षिक आम बैठक का नोटिस, दूरस्थ ई-मतदान सूचना और बुक क्लोजर

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 29वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) गुरुवार 27 सितम्बर 2019 को प्रातः 11 बजे मानेसर क्लब, सेक्टर-6, आई एम टी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122050 के पते पर आयोजित की जानी है, जिसमें की नोटिस में निहित प्रस्तावों पर विचार किया जायेगा। कंपनी की वार्षिक विवरण एवं व्याख्यात्मक विवरण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अंतर्गत एवं विस्तार पूर्वक सूचना (दूरस्थ ई-मतदान), के संबन्ध में उन सदस्यों को भौतिक वार्षिक विवरण एवं नोटिस उनके रजिस्टर्ड पते पर प्रदान किया गया है जिन्होंने उसकी मांग की है एवं अन्य सदस्यों को ई-मेल द्वारा भेजा गया है। एजीएम का नोटिस एवं विवरण कंपनी की वेबसाइट www.archiesonline.com पर भी उपलब्ध है। कंपनी के द्वारा एजीएम का नोटिस एवं वार्षिक विवरण 04 सितम्बर 2019 को प्रेषित कर दिया गया है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के साथ पठित नियम 20 एवं कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 तथा सेबी (सूचियन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अंतर्गत कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली के माध्यम से अपना मत एजीएम के स्थान से भिन्न किसी अन्य स्थान से दे सकने (दूरस्थ ई-मतदान) की सुविधा प्रदान कर रही है। दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए कंपनी ने लिंक इन टाइम इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल) की सेवाएं प्रॉक्सी एजेंसी के रूप में प्राप्त है।

दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा (मंगलवार 24 सितम्बर, 2019 को प्रातः 9 बजे आरम्भ होगी तथा (गुरुवार) 26 सितम्बर 2019 को सायं 5 बजे समाप्त होगी। 26 सितम्बर 2019 को सायं 5 बजे पश्चात दूरस्थ ई-मतदान करने की अनुमती नहीं होगी। कंपनी के सदस्य जिनके पास कंपनी के शेयर या तो भौतिक या डीमेट अवस्था में दिनांक 20 सितम्बर 2019 को धारण करते है उन्हें ही ई-मतदान या एजीएम में मतदान का अवसर प्रदान किया जायेगा। एक बार मतदान करने के उपरांत सदस्य अपने मत को बदल नहीं सकता। सदस्यों के मतदान का अधिकार, 21 सितम्बर, 2019 जो कंपनी की एजीएम या उसके लिए वोटिंग के उद्देश्य से कट-आफ तिथि को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगी।

कंपनी की एजीएम में मतदान पत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध होगी तथा ऐसे सदस्य जो बैठक में भाग ले रहे है एवं जिन्होंने पहले ही अपना मतदान दूरस्थ ई-मतदान द्वारा नहीं किया है, वे बैठक में अपना मतदान कर सकते है। वे सदस्य जिन्होंने एजीएम से पहले दूरस्थ ई-मतदान द्वारा अपना मत दे दिया है, वे बैठक में भाग ले सकते है, परन्तु उन्हें अपना मत पुनः देने की अनुमति नहीं होगी।

कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस के प्रेषण के पश्चात् कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है तथा कंपनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि 20 सितम्बर 2019, को शेयर धारक है, वह दूरस्थ ई-मतदान के लिए अपना यूजर आईडी तथा पासवर्ड एलआईआईपीएल की ई-मेल आईडी rajiv.ranjan@linkintime.co.in या delhi@linkintime.co.in अथवा कंपनी के रजिस्ट्रार की ई-मेल आईडी swapan@linkintime.co.in पर अनुरोध भेजकर अथवा कंपनी या एलआईआईपीएल को लिखित में प्रार्थना भेजकर प्राप्त कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति पहले से ही एलआईआईपीएल के साथ दूरस्थ ई-मतदान के लिए पंजीकृत है तो वे मतदान करने लिए नया यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त किए बिना अपना मौजूदा यूजर आइडी तथा पासवर्ड उपयोग करें।

किसी पूछताछ हेतु, सदस्य एलआईआईपीएल की वेबसाईट www.instavote.linkintime.co.in पर हेल्प एवं एफ.ए.क्यू. सेक्शन पर जा सकते है या एलआईआईपीएल के फोन नं. 022-4918-6000 या ईमेल enotices@linkintime.co.in पर संपर्क कर सकते है या कंपनी के कंपनी सेक्रेटरी या लिंक इन टाइम इंडिया (प्राईवेट) लिमिटेड, (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट) श्री स्वपन कुमार की ई-मेल आईडी swapan@linkintime.co.in या फोन नं. 011-49411000 पर संपर्क कर सकते है जो इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जुड़ी शिकायतों को सम्बोधित करेंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अंतर्गत एवं विनियम 42, सेबी (सूचियन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियम 2015 के अनुपालन में एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि सदस्यों के रजिस्टर एवं शेयर आवेदन पुस्तकें शनिवार 21 सितम्बर 2019 से शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिवस शामिल), वार्षिक सभा उद्देश्य से बन्द रहेगा।

वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने तथा मतदान करने के लिए अधिकृत सदस्य अपनी जगह उपस्थित होने तथा मतदान करने के लिए प्रॉक्सी की नियुक्ति करने के लिए अधिकृत है तथा नियुक्त प्रॉक्सी का कंपनी का सदस्य होना जरूरी नहीं है, प्रभावी होने के लिए विधिवत पूर्ण, स्टाम्प-युक्त तथा हस्ताक्षरित प्रॉक्सी प्रपत्र वार्षिक आम सभा की निर्धारित तिथि से कम से कम 48 घंटे पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 05 सितम्बर 2019

कृते आर्चीज लिमिटेड
ह0/-
हितेश कुमार
कंपनी सचिव

GIC Re
हमारा गौरव का क्षण

जीआइसी री ने भारत सरकार को
1015.875 करोड़ रु. का लाभांश चेक पेश किया

खड़ायी (बाएं से दाएं): श्री देबाशीष पांडा, अपर सचिव, वित्तीय सेवाए, भारत सरकार, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन, श्रीमती शशिकला मुरलीधरन, निदेशक एवं महाप्रबंधक और संयुक्त प्रभारी, जीआइसी री, श्रीमती रीना भटनागर, महाप्रबंधक और संयुक्त प्रभारी, जीआइसी री, और श्रीमती उषा रामास्वामी, निदेशक एवं महाप्रबंधक, जीआइसी री.

वैश्विक 2000 में एक के रूप में फोर्ब्स 2018 सूची द्वारा मान्यता प्राप्त
सबसे अच्छी माने जाने वाली कंपनी
दुनिया के सबसे अच्छे नियोक्ता
रेटेड ए - (उत्कृष्ट) ए.एम. बेस्ट

मुख्य निष्पादन संकेतक 31.03.2019 (करोड़ रु. में)

सकल प्रीमियम रु.44,238	इक्विटी पर रिटर्न 9.96%
कुल परिसंपत्तियां रु.1,18,883	प्रति शेयर आय (प्री बोनस) रु.12.68
नेट वर्थ (उचित मूल्य परिवर्तन खाते के साथ) रु.52,765	प्रति शेयर अर्जन (प्री बोनस) रु.6.75
कर पश्चात् लाभ रु.2,224	निवेश की उपज 12.17%

General Insurance Corporation of India
भारतीय साधारण बीमा निगम
GIC Re
'सुरक्षा', 170, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई 400020, भारत.
दूरभाष (बोर्ड): +91 22 2286 7000 ईमेल: info@gicofindia.com
www.gicofindia.com
CIN: L67200MH1972GOI016133 एवं आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 112

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	36.4 डि.से.	36.4 डि.से.	34.3 डि.से.	34.3 डि.से.
न्यूनतम	28.3 डि.से.	28.3 डि.से.	28.2 डि.से.	28.2 डि.से.

खत्म हो सकता है मकान खरीदारों का दस साल लंबा इंतजार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 5 सितंबर।

दस साल से फ्लैट का कब्जा मिलने का इंतजार कर रहे करीब 22 हजार खरीदारों को बड़ी राहत मिल सकती है। खरीदारों को एनबीसीसी के मार्फत अधूरी परियोजनाओं का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद है। जेपी समूह पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। इनमें चार हजार करोड़ से अधिक का कर्ज आइडीबीआइ बैंक का है। इसके अलावा करीब11 अन्य बैंक और वित्तीय संस्थानों के कर्ज भी शामिल हैं।

बसपा कार्यकाल के दौरान 2007 में जेपी इंफ्राटेक ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा में करीब 32 हजार फ्लैटों का निर्माण शुरू किया था। इनमें से करीब 9500 फ्लैटों का खरीदारों को कब्जा मिल गया है। जबकि करीब 4500 फ्लैटों के लिए ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन दिया है। जेपी समूह की कंपनियां जेपी इंफ्राटेक और जेपी एसोसिएट्स कुल 21 परियोजनाओं का निर्माण कर रही हैं। जिनके करीब 32 हजार खरीदार हैं। 32 हजार खरीदारों में करीब पांच हजार फ्लैट के बजाए भूखंडों से संबंधित हैं। जेपी समूह के पदाधिकारी जेपी इंफ्राटेक और जेपी एसोसिएट्स के विलय के पक्ष में थे। जिसके बाद वे अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने का दावा करते हैं लेकिन अधिकांश इसके पक्ष में नहीं हैं। जेपी एसोसिएट्स ने पुनरुद्धार योजना की मंजूरी के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायालय ने कंपनी को उन खरीदारों को भुगतान के लिए अदालत में रकम जमा कराने को कहा था, जो फ्लैट के बजाए रकम वापस मांग रहे थे। अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने के दावे के पक्ष में कंपनी ने पुनरुद्धार योजना में खरीदारों, वित्तीय कर्जदारों, परिचालन कर्जदारों और आंशिक शेयरधारकों समेत जेपी इंफ्राटेक के कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने का दावा किया था।

भूखंड निर्माण की समयवृद्धि के लिए वित्त और जल की एनओसी जरूरी

आवासीय भूखंड पर निर्माण करने के लिए अतिरिक्त समय (टाइम एक्सटेंशन) बगैर एनओसी के नहीं मिलेगा। इसके लिए आबंटियों को वित्त व जल-सीवर विभाग से एनओसी लेनी होगी। नोएडा प्राधिकरण में इन दिनों हर नियम की सख्ती से जांच हो रही है। एक ऐसे ही फाइल में नोएडा प्राधिकरण के वित्त विभाग को पता चला कि आवासीय भूखंड विभाग बिना एनओसी के आवंटियों को तय से अधिक निर्माण के लिए समय दे रहा है। भूखंड आबंटन होते समय एक तय समय में कुछ हिस्से में निर्माण करने का नियम है।

आबंटी इस समयावधि को आगे बढ़वा लेते हैं लेकिन वित्त व जल विभाग के बकाया भुगतान को जमा नहीं करते हैं। ओएसडी अविनाश त्रिपाठी के मुताबिक वित्त एवं जल विभाग की बगैर एनओसी के अतिरिक्त समय वृद्धि की मंजूरी पर रोक लगा दी गई है।

यातायात पुलिस ने काटा चालान तो लगाई मोटरसाइकिल में आग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

मालवीय नगर थाना क्षेत्र के शेख सराय इलाके में त्रिवेणी कॉम्पलेक्स के पास एक शख्स ने चालान काटे जाने के विरोध में अपनी मोटरसाइकिल में आग लगा दी। चालक की पहचान सर्वोदय एंक्लेव निवासी राकेश के तौर पर हुई है। घटना की सूचना दिल्ली दमकल विभाग को शाम करीब पांच बजे मिली थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एक दमकल ने आग पर काबू पाया। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि चालक राकेश शराब के नशे में था। इस कारण यातायात पुलिसकर्मियों ने चालान काटा था, जिसके बाद से गुस्साए राकेश ने मोटरसाइकिल में आग लगा दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

दक्षिणी जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त परविंदर कुमार का कहना है कि शाम करीब पांच बजे सूचना मिली थी कि एक शख्स ने अपनी मोटरसाइकिल में आग लगा दी है। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय पहुंची, जहां पुलिस टीम ने पाया कि एक शख्स यातायत पुलिसकर्मियों के साथ खड़ा है और मोटरसाइकिल जल रही है। आगे की छानबीन में पुलिस को पता चला कि मोटरसाइकिल चला रहे राकेश को यातायात पुलिसकर्मियों ने जांच के लिए रोका था। जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि राकेश शराब के नशे में है।



असम में एनएआरसी के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन करते लोग। तस्वीर: अरुष चोपड़ा।

'आप' विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पर मारपीट का मामला दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

- मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी पर दर्ज कवाया गया मामला
- निगम के इंस्पेक्टर ने मारपीट और गाली-गलोच करने का लगाया है आरोप

आम आदमी पार्टी (आप) से मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ निगम के एक इंस्पेक्टर ने आदर्श नगर थाने में गुरुवार को मारपीट ओर गाली-गलोच करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुलिस को मिली थी। इस घटना में निगम पीड़ित इंस्पेक्टर रविंदर कुमार गुप्ता ने कहा है कि विधायक के सहयोगियों ने भी उसके साथ मारपीट की। फिलहाल रविंदर का बाबू जगजीवन राम अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने रविंदर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विजयंता आर्य ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि आजादपुर में सफाई करने के दौरान आप विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी और उसके समर्थकों ने निगम के एक इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की है और गाली-गलोच किया है। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो पता चल कि निगम के कर्मचारी लाल बाग, आजादपुर में सफाई का काम कर रहे थे। इस दौरान विधायक और उनके समर्थक मौके पर पहुंचे और सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर कहासुनी हुई। इंस्पेक्टर ने जब बीच-बचाव की तो समर्थकों ने मारपीट शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने घायल रविंदर को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद निगम के कर्मचारियों ने विधायक के खिलाफ हंगामा भी किया। इससे पहले भी अखिलेश पति त्रिपाठी किसी ना किसी विवाद को लेकर सुर्खियों में रहे हैं।

खबरों में शहर

मोदी के साथ चंद्रयान 2 की लैंडिंग देखेंगे नोएडा के शिवांश

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 5 सितंबर।

इसरो में प्रधानमंत्री मोदी के साथ चंद्रयान 2 की लैंडिंग देखने का मौका सेक्टर-125 एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं कक्षा के छात्र शिवांश पाल को मिला है। गौतम बुद्ध नगर से एकमात्र और उत्तर प्रदेश से में दूसरा छात्र है, जिसका चयन इसरो द्वारा किया गया है। शिवांश का चयन एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आधार पर ऑनलइान किया गया। जिसका आयोजन इसरो मुख्यालय बंग्लूरु ने मायगोव डॉट इन के सहयोग से किया था। शिवांश के मुताबिक सफल विजेताओं के चयन का मापदंड कम समय में अधिक सही उत्तर देना था। स्कूल की अध्यक्ष डॉ. अमिता चौहान एवं प्रधानाचार्या रेणू सिंह ने शिवांश को बधाई दी है।

ढंग से नहीं मनाया जा सकता है।

डेंगू अभियान पर मुख्यमंत्री ने मांगी स्वास्थ्य मंत्री से रिपोर्ट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से डेंगू अभियान पर रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए 'आप' सरकार ने 10 सप्ताह का विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने आम जनता से इस अभियान को जन अभियान बनाने की अपील की है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए निगम के सभी 272 वार्ड में विशेष टीम बनाई गईं हैं, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल किए गए हैं। इसकी शुरुआत खुद मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों ने डेंगू जांच के साथ की थी। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 270 जगहों पर डेंगू की जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा चुका है।

मेट्रो में जेबतराशी करने वाली महिला गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

मेट्रो में जेबतराशी करने वाली एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने अभी हाल में ही हरियाणा पुलिस के एक जवान को अपना निशाना बनाया था। महिला की पहचान नजमा (42) के तौर पर हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने नकदी, आइकार्ड और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी महिला भीड़भाड़ वाली जगह जैसे मेट्रो, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, साप्ताहिक बाजार आदि जैसी जगह मौका मिलते ही लोगों की जेब पर हाथ साफ कर देती थी।

दिल्ली के हर बच्चे को शिक्षा देना हमारी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के हर बच्चे को शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को हर मदद उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली के सभी वर्ग के बच्चों को सरकार शिक्षा के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली के शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मुख्य सचिव विजय देव समेत विधायक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक सहायता मिलने के बाद दिल्ली के गरीब परिवारों के बच्चों ने बेहतर परिणाम दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के शिक्षकों ने 4-5 साल में क्रांति की है, जिसकी वजह से छात्रों का प्रदर्शन सुधरा है। बच्चे अपने शिक्षक से ही सीखते हैं, इसलिए समाज में शिक्षकों की एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव को भी सांझा किया।

उन्होंने कहा कि 2015 में दिल्ली के लोगों ने बड़ा चमत्कार किया था और 'आप' को सत्ता दी थी। सत्ता में आने के बाद से ही हम समान शिक्षा अवसर के लिए काम कर रहे थे ताकि कोई भी छात्र आर्थिक तंगी के चलते शिक्षा से दूर न रहे। 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतीभा विकास योजना' के तहत बच्चों ने योजना का लाभ लिया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में शिक्षकों की अभिभावक खुलकर तारीफ कर रहे हैं। ये शिक्षकों का असली अवार्ड हैं। जांच के लिए जब हम सरकारी स्कूल में जाते थे तो यह भी सामने आया था कि सरकारी स्कूलों को शिक्षक अपने दम पर चमका रहे थे। इनकी विशेष भूमिका के लिए दो अवॉर्ड सरकार ने सुनिश्चित किए हैं। शिक्षकों की मेहनत की वजह से ही स्कूलों के बेहतर परिणाम सामने आए हैं।

'जलवायु संकट पर राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई जाए'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

जलवायु संकट समय के साथ और तेजी से गहराता जा रहा है। तमाम चुनौतियों के साथ आने वाले समय में इसके कारण मजबूरी वाले पलायन बढ़ेंगे। इससे निपटने के लिए बेहद जरूरी हो गया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई जाए। ये बातें विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (सीएसई) की महानिदेशक सुनीता नारायण ने कहीं। वे सीएसई की ओर से मरुस्थलीकरण पर लगी दक्षिण एशियाई कार्यशाला में बोल रही थीं। इस मौके पर उन्होने मरुस्थलीकरण पर 'डाउन टू अर्थ' के विशेष अंक का विमोचन किया।

सुनीता नारायण ने कहा कि तेजी से बदलती आबोहवा आने वाले भयावह संकट का पूर्वाभास करा रही है। देश व दुनिया भर में इसके नतीजे सामने दिखने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों का घिसकना हो या भारी बारिश अथवा तेज गर्मी सभी जगह दिख रहा है कि हमारी आबोहवा का संतुलन किस कदर बिगड़ चुका है। देश ही नहीं दुनिया भर में लोगों के पलायन की चुनौती सामने है। फिर भी रियो कन्वेंशन में जो तय हुआ उस दिशा में काम नहीं हुआ खास तौर से मरुस्थलीकरण के मसले पर सौतेला रुख अख्तियार किया गया।

नतीजा सामने है कि जलवायु परिवर्तन से बारिश में कमी हुई व हिमाचल व पहाड़ी राज्यों में बर्फ पड़ना भी कम हुआ।

भाजपा परेशान, चेहरा लाएं या कमल निशान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

दिल्ली के लिए एक चेहरे की आवाज विधानसभा चुनाव के लिए बुलाई गई पहली ही बैठक में सुनाई दी। भाजपा ने गुरुवार को चुनावों की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता व दिल्ली चुनाव प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने की। सूत्रों ने बताया कि पार्टी में विधानसभा चुनाव में उतरने के लिए 'कमल निशान' को ही चेहरा मानने पर बात चल रही है। इसके बाद दिल्ली में सीटों के आधार पर पार्टी दल के नेता व मुख्यमंत्री के फैसले पर विचार कर सकती है। इसे ही आम आदमी पार्टी 'आप' अपना हथियार बना रही है।

सूत्रों ने बताया कि इस बैठक के माध्यम से पार्टी ने सातों संसदीय क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति की टोह लेने की कोशिश की है। सभी कार्यकर्ताओं से पूछा गया है कि इस बार किस रणनीति से चुनाव लड़ा जाए। चर्चा के दौरान यह भी सामने आया कि बिजली-पानी जैसे मुद्दों पर भी विशेष योजनाएं लाकर जनता को जोड़ने की कोशिश की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त दिल्ली में सीलिंग से बचाने के लिए भी जल्द रास्ता निकाला जाना चाहिए।

बेटे और पोते पर बुजुर्ग महिला की हत्या का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

ज्योति नगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग मां की बेटे और पोते ने गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात की जानकारी बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया। महिला की पहचान माया देवी (70) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से ही शक के घेरे में लेते हुए मृत के बेटे राजवीर (50) को गिरफ्तार कर लिया है और उसके नाबालिग बेटे को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती छानबीन के आधार पर पुलिस को पता चला है कि मां और बेटे के बीच मकान को लेकर अदालत में मामला लंबित है। इसी दौरान मां ने गुस्से में घर के उस हिस्से की बिजली तक कटवा दी थी, जहां आरोपी और उसका परिवार रहता था। इसके बाद आरोपी को डर था कि उसे मकान में हिस्सा नहीं मिलेगा। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ क आगे की कार्रवाई कर रही है।

उत्तरी-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर के मुताबिक माया देवी गली नंबर-एक, मीत नगर, में रहती थी। परिवार में चार बेटे और एक बेटी है। सभी शादीशुदा हैं। पति राम सिंह की तीन साल पहले कैंसर की वजह से मृत्यु हो गई थी। परिजनों ने बताया कि आरोपी राजवीर नशे का आदी है, वह अकसर घर में झगड़ा करता रहता था।

निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट गिरने से 12 मजदूर घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

नरेला थाना क्षेत्र में माता मनसा देवी रोड पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की निर्माणाधीन साइट पर गुरुवार सुबह एक लिफ्ट के गिरने से 12 मजदूर घायल हो गए। लिफ्ट में निर्माण सामग्री लेकर मजदूर ऊपरी मंजिल पर जा रहे थे, तभी लिफ्ट की तार अचानक से आठवीं मंजिल के आसपास टूट कर नीचे गिर गई थी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को पास के सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने की वजह से मजदूर संदेश (35) को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

मदर डेयरी : गाय का दूध दो रुपए महंगा

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में गाय के दूध का दाम दो रुपए बढ़ाकर 44 रुपए लीटर कर दिया है। यह बढ़ोतरी शुक्रवार से लागू होगी। कंपनी ने कहा है कि वह किसानों से कच्चा दूध खरीदने के लिए अधिक भुगतान कर रही है। इस वजह से उसे गाय दूध के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। कंपनी ने अन्य किसी दूध के दामों में बढ़ोतरी नहीं की है।

मदर डेयरी के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले दो तीन महीने में गाय के कच्चे दूध की खरीद पर उसे ढाई से तीन रुपए प्रति लीटर का अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि इस वजह से दूध के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि छह सितंबर से गाय के दूध के आधा लीटर के पैक का दाम 23 रुपए और एक लीटर के पैक का दाम 44 रुपए प्रति लीटर होगा। माना जा रहा है कि मदर डेयरी के बाद अमूल और पराग जैसी कंपनियां भी दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं।

खिलाफ गया बौद्धिकता और रुतबे का तमगा

प्रियरंजन
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

जिस अति बौद्धिक की छवि ने पी चिदंबरम को वित्तमंत्री बनाया गुरुवार को इसी छवि ने उन्हें जेल भेजने में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार को बचाव पक्ष ने 'अंतरिम जमानत पाने और गिरफ्तार न करने' की याचिका पर अदालत में पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन दोनों दफा 'अत्यधिक बुद्धिमान' वाली बात अभियोजन ने अपने तर्क में शामिल कर सफलता पाई। सीबीआइ की तरफ से जज तुषार मेहता ने पिछले दिनों हुई सुनवाई में भी अदालत को बताया था कि चिदंबरम ने 'अत्यधिक बुद्धिमान' बताते हुए दावा किया था कि वे कानून से खेलने में सक्षम हैं। जांच में सहयोग नहीं करने की भी उनमें जबरदस्त क्षमता है। अभियोजन ने यह तर्क अदालत में तब दिया था जब वह चिदंबरम की जमानत की अर्जी का विरोध और जांच के लिए रिमांड की मांग कर रहा था। गुरुवार को 15 दिनों की पूछताछ के बाद अभियोजन ने जैसे ही पूछताछ पूरी होने की बात कबूली और न्यायिक हिरासत में भेजने की दलील दी, बचाव पक्ष हावी होता नजर आया। बचाव पक्ष के वकील कपिल सिब्बल चिदंबरम के लिए राहत की मांग करने लगे। लेकिन जज ने यही तर्क दे दिया कि चिदंबरम अति बौद्धिक व्यक्ति हैं। विधि अधिकारी ने आरोप लगाया कि चिदंबरम विदेशों में बैंकों को प्रभावित कर रहे थे। वे जांच में असहयोग कर रहे थे और यदि उन्होंने प्रभावित किया तो बैंक जांच में सहयोग नहीं भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा-वे अति बौद्धिक व्यक्ति हैं। यह मामला गंभीर आर्थिक अपराध का है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। चीजों पर उनका व्यापक नियंत्रण है और वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। मेहता ने एक गवाह के बयान का जिक्र किया और कहा कि यह गवाह आसानी से चिदंबरम से प्रभावित हो सकता है। हालांकि उन्होंने खुली अदालत में गवाह का नाम लेने से मना कर दिया। विधि अधिकारी ने कहा कि चिदंबरम की रिहाई के बारे में विचार करने का मौका अभी नहीं आया है।

तर्कों के बाद अदालत ने करीब आधे घंटे तक सुनवाई स्थगित रखी। फैसले में अदालत ने कुछ निर्देशों के साथ उन्हें तिहाड़ जाने का आदेश दिया। अदालत ने फैसले में चिदंबरम के 'रुतबे' का भी जिक्र किया और माना कि आरोपी जांच को प्रभावित कर सकते हैं। विशेष न्यायाधीश ने जब 19 सितंबर तक चिदंबरम को जेल भेजने का अपना आदेश पढ़ा, उनके वकीलों ने अलग अर्जी देकर चश्मा, डाक्टरों की बताई दवाएं ले जाने और पश्चिमी शैली के शौचालय की सुविधा मुहैया कराने का अनुरोध किया। अदालत ने उनके अनुरोधों को मंजूर कर लिया। जिसमें जेल में अलग कोठरी में उन्हें रखे जाने के निर्देश भी शामिल थे। हालांकि यह सुविधा भी शायद उन्हें शुक्रवार से ही मिलने के आसार हैं। तिहाड़ के सूत्रों की माने तो फिलहाल चिदंबरम को तिहाड़ की जेल संख्या सात में ही रखने के इंतजाम किए गए हैं। क्योंकि देर शाम तक अदालत के आदेश की प्रति उन्हें नहीं मिल सकी थी। आदेश की प्रति मिलने के बाद ही उसके अनुरूप विशेष इंतजाम किए जाएंगे। जेल नंबर सात में आम तौर पर प्रवर्तन निदेशालय से जुड़े मामले के आरोपियों को रखा जाता है।

वित्त मंत्री के रूप में 'आम आदमी के सपनों का बजट' पेश करने के लिए लोकप्रिय और देश के गृह मंत्री भी रह चुके 73 साल के पलानियप्पन चिदंबरम ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि उन्हें तिहाड़ जेल जाना पड़ेगा। सीबीआइ ने उन्हें आइएनएक्स मीडिया मामले में धनशोधन और भ्रष्टाचार के आरोपों में 21 अगस्त को गिरफ्तार किया था। तिहाड़ जेल भेजे जाने के साथ ही वे अपने करियर के सबसे कठिन और संकटपूर्ण समय से गुजर रहे हैं। वर्तमान में राज्यसभा सदस्य चिदंबरम जब वित्त मंत्री थे, तब उनके लिए गए अनेक फैसलों पर सीबीआइ और प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रहे हैं। वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में 305 करोड़ रुपए का विदेशी फंड प्राप्त करने के लिए आईएनएक्स मीडिया समूह को विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) की मंजूरी में अनियमितता का आरोप लगाते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 15 मई, 2017 को प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने इस संबंध में उसी समय धनशोधन का मामला भी दर्ज किया।

आज के कार्यक्रम

सभा-संगोष्ठी

साहित्य अकादेमी : मृत्युंजय कुमार और आभा बोधिसत्व का रचना पाठ, साहित्य अकादेमी कॉन्फ्रेंस भवन, फिरोजशाह रोड, शाम साढ़े पांच बजे से।

करोति कल्याणम फाउंडेशन : पंडित नेहरू पर गोष्ठी, एनडी तिवारी भवन, आइटीओ, दोपहर दो बजे।

विविध

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : शास्त्रीय संगीत, सीडी देशमुख सभागार, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

इंडिया हैबीटाट सेंटर : नृत्य, द स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

भारी बारिश से बीएमसी के दो कर्मचारी सहित 4 की मौत

मुंबई, 5 सितंबर (भाषा)।

मुंबई में भारी बारिश के कारण बुधवार को कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। जबकि पानी में बह गए एक लड़के की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार की रात और बुधवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई थी।

अशोक मयेकर (60) गुरुवार तड़के मध्य मुंबई के हिंदमाता इलाके में मृत पाए गए। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार शव बाढ़ के पानी में तैर रहा था। मोहम्मद शाहरुख रफीक शेख (24) बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के पास भरतनगर में एक नाले में गिर गए। बचाव दलों ने उसे बाहर निकाला लेकिन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के दो कर्मचारी की पहचान विजयेंद्र सरदार बागड़ी (36) और जगदीश परमार (54) के तौर पर हुई है। विजयेंद्र और जगदीश दोनों ही बीएमसी के पी/एस वार्ड के कर्मचारी थे। भारी बारिश में ड्यूटी पर तैनात दोनों कर्मी पानी में डूब गए थे।

लोकल ट्रेन सेवा बहाल, विमान सेवा बाधित

बारिश रूकने के साथ ही लोकल ट्रेन सेवा बहाल हो गई जिससे गुरुवार को लोगों को काफी राहत मिली। सोमवार से लेकर बुधवार तक हुई भारी बारिश के कारण सड़कों और पटरी पर पानी भर गया था। इससे सड़क और ट्रेन सेवा बाधित हो गई थी। वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी विमानों का परिचालन प्रभावित रहा। वहां 30 उड़ानें रद्द हो गईं। इसके अलावा 118 उड़ानों में देर हो गईं।

जियो फाइबर की बाजार में दस्तक

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

रिलायंस जियो ने अपनी ब्रॉडबैंड सेवा 'जियोफाइबर' गुरुवार को शुरू कर दी। कंपनी ने 699 रुपए मासिक किराये पर न्यूनतम 100 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड देने की पेशकश की है। जियोफाइबर पर एक जीबीपीएस की इंटरनेट स्पीड वाला प्लान 8,499 रुपए प्रति माह में उपलब्ध होगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि ब्रॉडबैंड सेवा के तहत देशभर में उसके ग्राहकों को असीमित इंटरनेट, मुफ्त वायस कॉल के साथ टीवी वीडियो कॉलिंग एवं कॉन्फ्रेंसिंग करने की सुविधा भी मिलेगी। कंपनी ने कहा कि जो लोग वार्षिक सदस्यता लेंगे उन्हें मुफ्त सेट टॉप बॉक्स दिया जाएगा। जियोफाइबर के 'गोल्ड' और उसके ऊपर के प्लान के साथ एक टीवी भी दिया जाएगा। ये प्लान 1,299 रुपए मासिक से शुरू होंगे।

तैराकी कोच के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

पणजी/नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

गोवा पुलिस ने गुरुवार को एक तैराकी कोच के खिलाफ बलात्कार एवं धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया। गोवा तैराकी संघ (जीएसए) में कार्यरत सुरजीत गांगुली पर 15 साल की लड़की ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया जो उनके मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही थी। गोवा के मापुसा पुलिस थाने के इंस्पेक्टर कपिल नायक ने कहा कि शायद वह भोपाल के लिए रवाना हो चुके हैं और पुलिस उन्हें खोजने के लिए वहां एक टीम भेजेगी।

सोशल मीडिया पर इस छेड़छाड़ का वीडियो वायरल हो गया था जिसके बाद खेल मंत्री किरन रिजीजू ने कठोर कार्रवाई करने का वादा किया।

PXIL
Transforming Power Markets

Power Exchange India Limited

Sumer Plaza, Unit No. 901, 9th floor, Marol Maroshi Road, Andheri (East), Mumbai-400059, India. Tel.: + 91 22 40090857/87
Fax: + 91 22 40090833/90. Email: info@pxil.co.in. CIN:U74900MH2008PLC179152

Trading Month August- 2019

Markets Traded	DAS Prices (Rs/KWh)	DAS Volume (MUs)	INTRADAY Prices (Rs/KWh)	INTRADAY Volume (MUs)	ANYDAY Prices (Rs/KWh)	ANYDAY Volume (MUs)	WEEKLY Prices (Rs/KWh)	WEEKLY Volume (MUs)
Min	3.10	0.08	1.92	0.97	3.50	8.40	3.65	8.40
Max	3.10	0.09	10.00	22.09	3.70	12.00	3.65	8.40
Avg	3.10	0.09	4.22	7.20	3.62	10.56	3.65	8.40
Total		0.35		223.11		105.60		226.80

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालय: कार्यपालक अभियंता (पी) एसआर-II
कमरा सं. 307, वरुणालय फेज-I, झण्डेवालान, करोल बाग, नई दिल्ली-110005
एनआईटी सं. 01/(2019-20)/ईई(पी) एसआर-II

क्रम सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क अप्रतिदेय (रुपये में)	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि एवं निविदा आईडी	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	कृषि के उद्देश्य से निलोठी एसटीपी से जॉन्टी रेग्युलैटर तक शोधित एफ्ल्युएन्ट के परिवहन के कार्य के लिये परामर्श सेवाओं का प्रावधान।	86500/- एवं 500/-	4.9.2019 एवं 2019_DJB_179553_1	18.9.2019 के 3.00 बजे अप. तक।

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल द्वारा जारी)
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019/20/332

कार्यपालक अभियंता (पी) एसआर-II

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

अधिशासी अभियंता (ऑटो) का कार्यालय
पुराना एमसीडी भवन, इंद्रप्रस्थ रोड, दिल्ली-06

सं. ईई ऑटो/सीएनएस/एसडीएमसी/2019-20/212 दिनांक: 03.09.2019

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सभी संबंधित पक्षों को सूचित किया जाता है कि अनुपयोगी वाहनों जैसे कि टाटा टिपर्स, जेसीबी लोडर्स, इंजन कंटेनर, टाटा सक्शन/जेटिंग मशीन, टाटा कंटेल कोच, स्कूटर मोटर, बुलडोजर, हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर, स्टील लोडर, मारुती जिप्सी तथा स्टेशन वाहनों जैसे कि वेटरिंग टायर्स, इलेक्ट्रिकल एवं मेकेनिकल आदि चालू, खाली ड्रम आदि की नीलामी 'जैसा है जहां है' आधार पर निम्न समय सारणी के अनुसार आयोजित की जाएगी:-

क्र. सं.	वर्कशॉप का नाम जहां वाहन स्थित हैं	नीलामी की तिथि	समय	नीलामी का स्थान
1.	सेंट्रल ऑटो वर्कशॉप, इंद्रप्रस्थान, नई दिल्ली-55 (पंजीकृत तथा सीएसडीजेड के वाहनों के लिए) कॉन्टेक्ट नं. 011-23670197	17.09.2019	11:00 बजे	सेंट्रल ऑटो वर्कशॉप, इंद्रप्रस्थान, नई दिल्ली-55
2.	सैनिटरी लैंड फिल भलस्वा कॉन्टेक्ट नं. 9717788141	20.09.2019	11:00 बजे	सैनिटरी लैंड फिल भलस्वा, जी टी करनाल रोड बाईपास, नई दिल्ली
3.	रोहिणी जोन ऑटो वर्कशॉप कॉन्टेक्ट नं. 9717788141	24.09.2019	11:00 बजे	एन-चार्लि मंगोल पुरी, मंगोल पुरी पुलिस स्टेशन के निकट, नई दिल्ली

टिप्पणी: यह नीलामी "जैसा है जहां है" आधार पर निविदेत नियमों एवं शर्तों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसे वेबसाइट www.mcdonline.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

ओ.ओ. सं. 80/डीपीआई/वर्क्स/2019-20 अधिशासी अभियंता (ऑटो) सीएनएस

RCC CEMENTS LIMITED
CIN: L26942DL1991PLC043776
Regd. Off. : 702, Arunachal Building, 19, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001, Tel.: 011-43571044 Fax: 011-43571047
Email: rccementslimited@gmail.com Website: www.rccements.com

Notice of Annual General Meeting, Book Closure and Remote E-voting Information

Notice is hereby given that the 28th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Monday, 30th September,2019 at 09.30 A.M. at 702, Arunachal Building, 19, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi - 110001 to transact the business set out in notice dated 30th August, 2019 of the AGM. The Notice of AGM and Annual Report for the F.Y. 2018-2019 has been sent to all the members through permitted mode on 05th September, 2019.

Pursuant to Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Section 91 of the Companies Act, 2013 along with the applicable Rules made there under, it is hereby intimated that the Register of Members and share transfer books of the Company will remain closed from Tuesday, 24th September, 2019 to Monday, 30th September, 2019 for the purpose of AGM.

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 the Company has provided electronic voting facility for transacting all the business items as mentioned in the AGM notice dated 30th August, 2019 through the Remote e-voting facility on the platform of National Securities Depository Limited (NSDL). Remote E-voting will commence on 27th September, 2019 at 09.00 A.M. and end on 29th September, 2019 at 5.00 P.M. No Remote e-voting shall be allowed beyond the said date and time. The notice of the Annual General Meeting along with Remote e-voting instructions has also been displayed on the website of the Company www.rccements.com and on the website of the Agency www.evoting.nsdl.com. The Members of Company holding shares as on Monday, 23rd September, 2019 may cast their vote Electronically through Remote E-voting platform of NSDL at www.evoting.nsdl.com or vote at the General Meeting through the Ballot Form. Members may participate in the General Meeting even after Remote E-voting but shall not be eligible to vote at the meeting. Voting, if exercised will be invalid and the vote casts through Remote E-voting will be considered. Members are requested to read the instructions pertaining to e-voting as printed in the AGM Notice carefully. In case members have any queries or issues regarding Remote e-voting, they may refer the Frequently Asked Questions (FAQ) and Remote e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com under help section or write an e-mail to evoting@nsdl.co.in. Shareholders may contact Registrar & Share Transfer Agent,M/s MAS Services Limited, contact no. 011-26387281-83 or their respective Depositories for registration/updation of their email IDs and other matters.

Members holding shares in physical form are requested to get their shares Dematerised pursuant to SEBI Circular No. SEBI/LAD-NRO/GN/2018/24 dated 08th June, 2018. Further members are also requested to register their email ID, PAN & bank accounts details with the RTA/Company. Necessary communication in this regard has already been sent separately to members by the company.

For RCC CEMENTS LIMITED
Sd/-
Amanpreet Kaur
Company Secretary

Date: 06-09-2019
Place: New Delhi

QUASAR INDIA LIMITED
Regd. Office: 205, Plot No. 3, Third Floor, Aggarwal Plaza, Sector-14, Rohini, New Delhi-110085
E mail id: quasarindia123@gmail.com, Website: www.quasarindia.in
CIN: L67190DL1979PLC009555, Mob.: 9625304043

Notice is hereby given that the 40th Annual General Meeting of the members of Quasar India Limited ("the Company") will be held on Thursday, September 26, 2019 at 11.00 a.m. at Shop No. 305, Plot No. 3 Third Floor, Aggarwal Plaza, Sector-14, Rohini, New Delhi-110085 ("the Meeting").

The Annual Report for the financial year 2018-19 including the Notice convening the Meeting has been sent to the members to their registered address by courier, and electronically to those members who have registered their e-mail address with the Depositories/Company.

The Annual Report for the financial year 2018-19 including the Notice is available on the website of the Company (www.quasarindia.in) and also available for inspection at the Registered Office of the Company on all working days except Sundays and Public Holidays, during business hours up to the date of the Meeting.

The Company is providing to its members facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed at the Meeting by electronic means ("e-voting"). Members may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the Meeting ("remote e-voting"). The Company has engaged the services of Central Depository Services Limited (CDSL) as the Agency to provide e-voting facility.

The communication relating to remote e-voting inter alia containing User ID and password, along with a copy of the Notice convening the Meeting, has been dispatched to the members. The format of communication for e-voting is available on the website of the Company, www.quasarindia.in and on the website of CDSL, www.evotingindia.com.

The remote e-voting facility shall commence on Monday, September 23, 2019 from 9.00 a.m. and end on Wednesday September 25, 2019 at 5.00 p.m. The remote e-voting shall not be allowed beyond the aforesaid date and time.

A person, whose name appears in the Register of Members/ Beneficial Owners as on the cut-off date, i.e., Thursday, September 19, 2019, only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting /voting at the Meeting.

Any person who becomes member of the Company after dispatch of the Notice of the Meeting and holding shares as of the cut-off date may obtain the User ID and password inter alia by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com. The detailed procedure for obtaining User ID and password is also provided in the Notice of the Meeting which is available on Company's website and CDSL's website. If the members already registered with CDSL for e-voting, he can use his existing User ID and password for casting the vote through remote e-voting.

Member who have cast their vote(s) by remote e-voting may also attend the meeting but shall not be entitled to cast the vote(s) again.

RECORD DATE

NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and applicable rules there under that the Company has fixed Thursday, September 19, 2019 as the "Record Date" for the purpose of determining the members eligible to vote at the Annual General Meeting.

For Quasar India Limited
Sd/-
Harish Kumar
Director
DIN: 02591868

Place: New Delhi
Date: 05.09.2019

पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
सेंट्रल कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कारपोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम (हरियाणा)-122001
वेबसाइट: www.powergridindia.com, CIN: L40101DL1989GOI036121

सूचना

1. सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम-86 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम व शर्तें) विनियम, 2019 के अधीन **श्रेणिका-1:** उत्तरी क्षेत्र में सहायक क्षेत्र के साथ 220 केवी जालंधर-हमीरपुर डी/सी ट्रांसमिशन लाइन, **श्रेणिका-2:** उत्तरी क्षेत्र में मुजफ्फरपुर के पश्चिम-सुगौली 400 केवी एस/सी लाइन का सीरीज कम्पेन्सेशन, **श्रेणिका-3:** उत्तरी क्षेत्र में बिहटा-दायरी एफकोडीसी भाई-गेल एवं गोरखपुर-मुजफ्फरपुर 400 केवी लाइन के लिए विशेष सुरक्षा योजना हेतु (i) 2001-04 टैरिफ अवधि, 2004-09 टैरिफ अवधि, 2009-14 टैरिफ अवधि के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के संशोधन, (ii) 2014-19 टैरिफ अवधि के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के टूटअप का और (iii) 2019-24 टैरिफ अवधि के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण और सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम-86 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम व शर्तें) विनियम, 2019 के अधीन **श्रेणिका-4:** उत्तरी क्षेत्र में 220 केवी डी/सी अंता ट्रांसमिशन सिस्टम, **श्रेणिका-5:** उत्तरी क्षेत्र में 400 केवी एस/सी बमनौली-1 बिजौलपुर ट्रांसमिशन सिस्टम, **श्रेणिका-6:** उत्तरी क्षेत्र में बिहटा-दायरी बाई-पास के लिए अतिरिक्त कन्डक्टर ट्रांसफार्मर (एसटीए) और **श्रेणिका-7:** उत्तरी क्षेत्र में जुल्ली मनाली सरोल-1 ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए (i) 2014-19 टैरिफ अवधि के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के टूटअप का और (ii) 2019-24 टैरिफ अवधि के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण हेतु अनुमोदन।

2. उपरोक्त प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम की संयुक्त परिसंपत्तियों के लाभार्थी हैं: (1) हरियाणा राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, (2) जम्मू विद्युत विकास निगम लि., (3) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., (4) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि., (5) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड, (6) हरियाणा पावर पर्चेज सेंटर, (7) पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, जम्मू एवं कश्मीर सरकार, (8) उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि., (9) दिल्ली ट्रांसको लि., (10) बीएसईएस यमुना पावर लि., (11) बीएसईएस राजधानी पावर लि., (12) नॉर्थ दिल्ली पावर लि., (13) नॉर्दर्न एरिया पावरमेन, (14) उत्तरांचल पावर कारपोरेशन लि., (15) चंडीगढ़ प्रशासन, (16) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, (17) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड।

3. टैरिफ विवरण:

क) 2001-04, 2004-09, 2009-14 और 2014-19 अवधि

2001-04 के लिए संशोधित ट्रांसमिशन टैरिफ (₹ लाख में)

श्रेणिका सं.	संपत्ति सं.	2001-02	2002-03	2003-04
श्रेणिका-1	संपत्ति-1	349.34	614.44	674.64

2004-09 के लिए संशोधित ट्रांसमिशन टैरिफ (₹ लाख में)

श्रेणिका सं.	संपत्ति सं.	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09
श्रेणिका-1	संपत्ति-1	589.94	587.16	573.41	657.79	692.35
श्रेणिका-2	संपत्ति-1	196.71	197.33	197.34	194.77	190.53
श्रेणिका-3	संपत्ति-1	-	-	-	-	23.23

2009-14 के लिए संशोधित ट्रांसमिशन टैरिफ (₹ लाख में)

श्रेणिका सं.	संपत्ति सं.	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
श्रेणिका-1	संपत्ति-1	653.06	647.73	641.67	632.69	609.86
श्रेणिका-2	संपत्ति-1	244.09	245.46	244.04	242.42	241.80
श्रेणिका-3	संपत्ति-1	43.71	47.07	46.21	44.63	43.25

2014-19 के लिए संशोधित ट्रांसमिशन टैरिफ (₹ लाख में)

श्रेणिका सं.	संपत्ति सं.	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
श्रेणिका-1	संपत्ति-1	443.21	447.07	451.30	458.10	461.92
श्रेणिका-2	संपत्ति-1	232.01	229.25	193.20	192.87	192.78
श्रेणिका-3	संपत्ति-1	41.79	40.29	38.79	37.12	35.56
श्रेणिका-4	संपत्ति-1	1039.64	1053.26	1064.63	1076.00	1090.16
श्रेणिका-5	संपत्ति-1	1344.20	1354.36	1359.71	1365.72	1374.56
श्रेणिका-6	संपत्ति-1	421.75	423.45	423.20	423.20	424.20
श्रेणिका-7	संपत्ति-1	3330.17	3365.67	3380.15	3384.40	3406.69

ख) 2019-24 अवधि

श्रेणिका सं.	संपत्ति सं.	डीसी-सीएसी	आईएन लेग	बैंक की गारंटी	सीईआरसी (टैरिफ) विनियम, 2019	2019-24 अवधि के लिए टैरिफ				
						2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
श्रेणिका-1	संपत्ति-1	01.09.01	124.00 (D/C)	41(2)(a)(iv)	4682.18	312.22	314.53	316.87	319.49	322.20
श्रेणिका-2	संपत्ति-1	01.02.04	-	1(4)(iii)	1275.22	150.01	149.51	148.44	147.47	147.11
श्रेणिका-3	संपत्ति-1	01.08.08	-	-	282.96	31.09	28.72	23.58	23.58	23.58
श्रेणिका-4	संपत्ति-1	01.04.97	479.23 (D/C)	41(2)(a)(iv)	6696.48	993.17	999.46	1009.30	1023.30	1101.94
श्रेणिका-5	संपत्ति-1	01.10.97	100.23 (D/C)	1(4)(iii)	8071.28	1291.31	1295.30	1299.37	1304.47	1309.03
श्रेणिका-6	संपत्ति-1	01.10.08	-	-	1040.54	420.94	420.95	420.95	420.96	420.94
श्रेणिका-7	संपत्ति-1	01.09.94	235.74 (D/C)	41(2)(a)(iv)	24625.00	3432.20	3431.80	3431.80	3431.80	3432.00

4. टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergridindia.com पर उपलब्ध की गई है।

5. आवेदन में विहित टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों पर सलाहकारी क्षमता किसी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हो, आवेदक के पत्राचार कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित, सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, सेवाएं एवं सीमा शुल्क, मंडावली विलेज, जे. ब्लॉक, नई दिल्ली-110 017 (जो अन्य पक्ष पर उक्त आवेदन का पत्राचार विषय है) को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जा सकती है।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 04.09.2019

(ए. के. वर्मा)
वरि. महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

"हमारे एप्लिकेशन प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 18003003004 पर मिस्ड कॉल दें"

जनसत्ता

6 सितंबर, 2019

रूस से रिश्ते

भारत और रूस के रिश्तों में अब पुराने दिन लौटने के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा ज्यादा महत्त्वपूर्ण और सफल इसलिए कही जानी चाहिए कि दोनों देश अपने आंतरिक मामलों में किसी भी बाहरी दखल के खिलाफ खुल कर साथ आए हैं। रूसी शहर व्लादिवोस्तोक में भारत और रूस के बीच होने वाली सालाना शिखर बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ कहा कि अपने देश के अंदरूनी मसलों में किसी भी बाहरी दखल के वे खिलाफ हैं। यह बात पिछले महीने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट के संदर्भ में उठी। पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम देशों के समक्ष कश्मीर से धारा 370 को हटाने का मसला उठाया था। लेकिन हर जगह से पाकिस्तान को यही सुनने को मिला कि यह भारत का अंदरूनी मसला है और इस पर कुछ नहीं किया जा सकता। इसके अलावा अमेरिका भी समय-समय पर इस मामले में मध्यस्थता का शिगूफा छोड़ता रहा है, जिसे भारत ने साफ तौर खारिज कर दिया। ऐसे में अब इस मसले पर रूस ने भी अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति ने तो कहा भी कि पाकिस्तान कश्मीर को लेकर अफवाहें फैला रहा है। भारत की यह बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। एक पुराने दोस्त ने भारत के साथ पूरी तरह से एकजुटता दिखाई है।

भारत और रूस के बीच ईरान को लेकर भी बात हुई। भारत पर अमेरिका का दबाव है कि वह उसके साथ कारोबारी रिश्ते खत्म करे। तेल आयात तो भारत को मजबूरन बंद करना ही पड़ा है। भारत किसके साथ व्यापार करे और किसके साथ नहीं, यह उसका अंदरूनी मामला है। रूस तो खुल कर ईरान के साथ है। इसीलिए पुतिन ने साफ-साफ कहा कि किसी के दबाव में ईरान के साथ रिश्ते खत्म नहीं किए जा सकते। कश्मीर और ईरान के मसले पर रूस का खुल कर भारत के साथ आना बड़ी बात है। हालांकि बदलते वैश्विक परिदृश्य में पिछले कुछ दशकों में भारत का अमेरिका की ओर झुकाव ज्यादा बढ़ा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि रूस से भारत के संबंधों पर कोई असर पड़ा। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना से लेकर कई क्षेत्रों में रूस भारत को मदद देता रहा है।

मोदी और पुतिन पिछले एक साल में छह बार मिल चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच जिस तरह से निजी रिश्ते बन गए हैं उनका लाभ भारत को मिल रहा है। रूस ने ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र सहित भारत के साथ पंद्रह करार किए हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की तरक्की में रूस जैसे पहले साथ था, वैसे ही आज भी है। दोनों देशों के बीच हुए असैन्य परमाणु समझौते के तहत रूस भारत में बीस परमाणु इकाइयां लगाएगा। दूसरी ओर, भारत रूस के तेल और गैस क्षेत्र में निवेश करेगा। अंतरिक्ष के क्षेत्र में मदद के तौर पर रूस गगनयान मिशन के तहत भेजे जाने वाले भारत के अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देगा। पिछले कुछ सालों में तेजी से विकास करने वाले और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में भारत की जो छवि बनी है उसकी अहमियत रूस बखूबी समझता है। रूस यह भी जानता है कि भारत को अपने एक पड़ोसी के कारण दशकों से आतंकवाद झेलना पड़ रहा है। ऐसे में भारत को रूस से हर स्तर पर समर्थन मिलना दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ करेगा।

आतंक के विरुद्ध

आतंकवादी गतिविधियों पर नकेल कसने के मकसद से सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। हाल ही में बने आतंकरोधी कानून के तहत भारत ने पाकिस्तान में पनाह पाए जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर, लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज मुहम्मद सईद, मुंबई हमले के आरोपी जकी-उर-रहमान लखवी और भगोड़े माफिया दाउद इब्राहिम को आतंकवादी घोषित कर दिया है। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून 1967 में एक महत्त्वपूर्ण संशोधन किया था। इस कानून के तहत पहली बार इन चारों को आतंकी घोषित किया गया है। पहले ऐसा कानून न होने की वजह से भारत सरकार इन्हें आतंकी का दर्जा नहीं दे पा रही थी। भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन चारों के खिलाफ अपनी बात रखता रहा है, पर अब वह दावे के साथ कह सकता है कि उसने इन्हें आतंकी घोषित कर रखा है। इस तरह वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इनके प्रत्यर्पण के लिए भी मांग उठा सकता है। अभी तक इनके प्रत्यर्पण की उसकी मांग प्रभावी नहीं हो पा रही थी। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने भी मसूद अजहर और हाफिज सईद को वैश्विक आतंकी घोषित कर रखा है, पर भारत के कानून के मुताबिक इन्हें आतंकी घोषित किए जाने के बाद इन दोनों पर नकेल कुछ अधिक सख्ती से कसी जाने की गुंजाइश बनी है, क्योंकि इन्होंने अपनी ज्यादातर आतंकी गतिविधियों को भारत की जमीन पर अंजाम दिया है।

मसूद अजहर पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर, भारतीय संसद, पठानकोट वायुसेना अड्डे, श्रीनगर के बीएसएफ शिविर और पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला करने और भारत में आतंकी गतिविधियों को संचालित करने का आरोप है। हाफिज सईद पर लालकिला, रामपुर में सीआरपीएफ शिविर और मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है। जकी-उर-रहमान लखवी भी इन हमलों में शामिल रहा है। दाउद इब्राहिम पर भारत सहित अनेक देशों में बेनामी जमीन-जायदाद का कारोबार चलाने, धार्मिक कट्टरवाद और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक मदद पहुंचाने के आरोप हैं। वह तस्करी, जाली नोट के कारोबार, हथियारों की तस्करी, धनशोधन, जबरन वसूली जैसी गतिविधियों में भी शामिल रहा है। 1993 में उसने अपने सहयोगियों की मदद से मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोटों को अंजाम दिया था, जिसमें ढाई सौ से ऊपर लोगों की मौत हो गई थी। अब वह भगोड़ा है। इन सभी के खिलाफ भारत के पास पुख्ता सबूत हैं, जिन्हें वह पाकिस्तान को सौंप चुका है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी वे सबूत साझा हैं।

भारत जब भी अपने यहां हुई आतंकी घटनाओं से जुड़े दस्तावेज पाकिस्तान को सौंपता रहा है, तो वह उन्हें सीधा खारिज कर देता है। वहां की अदालतें उन्हें नकार देती रही हैं। पाकिस्तान की दलील रही है कि मसूद अजहर, हाफिज सईद और लखवी आतंकी नहीं, समाजसेवक हैं। इस तरह इन आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती थी। अब गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के तहत इन्हें आतंकी घोषित किए जाने के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से इनके प्रत्यर्पण की मांग मजबूती से कर सकता है। तब पाकिस्तान के लिए इन सबूतों की अनदेखी करना संभव नहीं होगा। वह पहले ही कुलभूषण जाधव के मामले में अंतरराष्ट्रीय अदालत में मुंह की खा चुका है। उसके झूठे दावे और दलीलें खारिज हो चुकी हैं। इसी तरह ताजा घोषित आतंकियों की हकीकत पर परदा डालना उसके लिए आसान नहीं होगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे देशों का भी इसमें भरपूर समर्थन प्राप्त होगा।

कल्पमेधा

कोई कार्य तुच्छ नहीं है। यदि मनपसंद कार्य मिल जाए तो मूर्ख भी उसे पूरा कर सकता है पर बुद्धिमान वही है जो प्रत्येक कार्य को अपने लिए रुचिकर बना ले।

-विवेकानंद

हमारा गौरव और संविधान

मेनका गुरुस्वामी

संवैधानिक मुकदमे में हम आजादी और हाशिए पर पड़े एक समूह की गरिमा के अधिकारों को दूसरे तक पहुंचाते हैं, यह तर्क देते हुए कि ये अधिकार हर नागरिक के हैं और उसे मिलने चाहिए। इसी तरह अलग-अलग मौकों पर यह पहचान होनी चाहिए जिसमें लोग एक-दूसरे के साथ खड़े हों, हर समूह की आजादी और समानता को सुनिश्चित करें, वे अपने भीतर ही ताकत और जज्बा पैदा करें।

ठीक एक साल पहले इसी दिन यानी छह सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नवतेज सिंह जौहर मामले में अपने फैसले में कहा था कि भारत के एलजीबीटी समुदाय को समानता, गैर-भेदभाव, गरिमा, अभिव्यक्ति, प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण प्रदान किया जाएगा। अदालत ने भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 377 या अप्राकृतिक यौन अपराधों के दंड संबंधी प्रावधान को खारिज कर दिया था। आज जब हम इस अनोखे भारत में इस आजादी के एक वर्ष पूरे होने पर खुशी मना रहे हैं तो हमें अपने संविधान और उसके मूल्यों पर भी नजर डाल लेनी चाहिए जिसकी वजह से अदालती में यह लड़ाई चल पाई और जीत के इस मुकाम तक पहुंच सकी।

साल 2013 में अदालत से मिली हार के बावजूद अप्रैल 2016 में नवतेज जौहर के नेतृत्व में पांच एलजीबीटी भारतीयों ने अपनी याचिकाएं दाखिल कीं। इनमें उन्होंने कहा था कि हमारा समानता, गरिमा, गैर-भेदभाव, जिंदगी और आजादी के संविधान द्वारा दिए गए वचन में पूर्ण विश्वास है और उनके इसी विश्वास ने हम वकीलों उनके मामलों को अदालत ले जाने का मौका दिया। जनवरी 2018 में नवतेज जौहर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद जुलाई 2018 तक पांच और रिट याचिकाएं दायर हुईं। एक कारोबारी घराने के सदस्य केशव सूरी से लेकर आरिफ जफर, जिन्हें समलैंगिक होने के अपराध में जेल हो गई थी, रंगीन कुर्ते और जींस पहने आइआइटी से निकली नौजवान पीढ़ी से लेकर हमसफर ट्रस्ट के मशहूर एलजीबीटी कार्यकर्ता तक अदालत पहुंचे थे और चेतावनी दी थी कि जब तक उन्हें देश के दूसरे नागरिकों के समान अधिकार और दर्जा नहीं मिल जाता तब तक वे रुकने वाले नहीं हैं। यह संविधान द्वारा दिए गए वचनों के प्रति इन लोगों के भरोसे को बता रहा था और यही भरोसा न्याय की उम्मीद में इन्हें अदालत तक लेकर गया था।

संपूर्ण नागरिकता हासिल करने के लिए हमें लंबा रास्ता तय करना है। संपूर्ण नागरिकता में सामाजिक और नागरिक अधिकार भी शामिल होंगे, संयुक्त बैंक खाते के लिए या मकान के लिए लीज या साथी के साथ शादी के लिए आवश्यक अधिकार भी इसी में आएंगे। फैसला आने के बाद में हमें कई नई बाधाओं का सामना करना पड़ा है, जैसे सरोगेसी विधेयक और ट्रांसजेंडर विधेयक जिनकी अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। जैसे ही हम संपूर्ण नागरिक अधिकारों को हासिल करने की दिशा में बढ़ना शुरू करते हैं तो हमें जौहर मामले में अदालत के विधिशास्त्र से मिलने वाले अध्यायों पर गौर फरमाना चाहिए कि किस तरह से भारत में आज बदलाव के लिए संविधान का उपयोग किया जाना चाहिए। इसकी प्रशंसा के लिए हम संविधान की उत्पत्ति से इसकी शुरुआत करते हैं।

भारत का संविधान विशिष्ट है। सन 1946 से 1949 के बीच तैयार किए गए इस संविधान में एक नए देश का ध्यान रखा गया था। कल्पना थी कि यह नया देश जाति व्यवस्था जैसी चली आ रहीं सामाजिक भेदभाव वाली बुराइयों को खत्म करेगा। भारत का संविधान इस अर्थ में भी अद्वितीय है कि यह उन ऐतिहासिक गलतियों और भेदभावों को सुधारने की बात करता है जिनकी वजह से हाशिए पर पड़े समुदायों का वर्तमान और भविष्य टिका है। इसके ठीक उलट, अमेरिका का संविधान है जो दास प्रथा के सुधार की न तो कोई बात करता है न उसमें कोई माफी मांगी गई है।

जौहर के मामले की सुनवाई करने वाली अदालत हमारे संविधान और उसके निर्माताओं की भावनाओं और उम्मीदों से भलीभांति परिचित थी। इसलिए उसने अपना फैसला बहुसंख्यकवाद के मुकाबले और संविधान की नैतिकता की अहम संवैधानिक अपेक्षाओं पर केंद्रित रखा। ये अपेक्षाएं क्या हैं? और ये पूरे भारत के लिए प्रासंगिक क्यों हैं सिर्फ अनोखे भारत को छोड़ कर?

दरअसल, प्रति-बहुसंख्यकवाद अदालतों द्वारा बाहुबली बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रोकने के लिए अपनाई जाने वाली भूमिका है। संवैधानिक नैतिकता संविधान की नैतिकता है, जो सबके लिए समानता, गैर-भेदभाव और स्वतंत्रता के प्रमुख मूल्य हैं। प्रति-बहुसंख्यकवाद और संवैधानिक नैतिकता दोनों का ही मूल डा. आंबेडकर की दूरदृष्टि में निहित था जो संविधान के जरिए निचली जातियों के प्रति ऐतिहासिक भेदभाव को खत्म करना चाहते थे। जातिगत भेदभाव को खत्म करने की हमारी संवैधानिक वचनबद्धता का तात्पर्य यह है कि कई सालों से हमारी अदालतें उस

बहुसंख्यकवादी सामाजिक नैतिकता के खिलाफ अपनी भूमिका निभाती आ रही हैं जो जातिगत व्यवस्था को बनाए रखने का पक्षधर है। बहुसंख्यकों की नैतिकता के खिलाफ जाने की यह न्यायिक भूमिका संवैधानिक नैतिकता को बचाती है और यही एलजीबीटी नागरिकों को संरक्षण के लिए अदालत ले जाती है। और जब नागरिकों के समूहों के मौलिक अधिकारों के हनन की बात आई तो अदालत अपनी जिम्मेदारियों से कैसे बच सकती थी।

2016 के शुरू में अंतरजातीय और अंतर-धार्मिक जोड़ों को संवैधानिक सुरक्षा ने हम वकीलों को यौन साथी के अधिकार- जौहर की इस प्रमुख दलील को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। इसका पता एलजीबीटी भारतीयों समेत सबके लिए साथी के अधिकार के अदालत के फैसले में चलता है। इससे पता चलता है कि हम एक-दूसरे की आजादी से मजबूत होते हैं और नागरिकों के किसी भी समूह के लिए सरकार या सत्ता द्वारा तय किए जाने वाले भेदभाव से कमजोर होते हैं।

जौहर मामले में अदालत का यह निष्कर्ष कि संविधान इस अधिकार की सुरक्षा करता है कि भोजन, परिधान, आदर्श, आस्था या यौनिकता धार्मिक, यौन और राजनीतिक अल्पसंख्यकों के लिए एक संवैधानिक जीवनरेखा है। यदि अल्पसंख्यक और सदियों से भेदभाव का शिकार होते आ रहे समूह मिल कर संवैधानिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखें तो यही वह संवैधानिक रोशनी है जो हमारे मौजूदा राजनीतिक माहौल को जगमगाए रख सकती है। हमारी आजादी खत्तियों में नहीं रहती है, बल्कि वह एक-दूसरे में ही निहित रहती है।

संवैधानिक मुकदमे में हम आजादी और हाशिए पर पड़े एक समूह की गरिमा के अधिकारों को दूसरे तक पहुंचाते हैं, यह तर्क देते हुए कि ये अधिकार हर नागरिक के हैं और उसे मिलने चाहिए। इसी तरह अलग-अलग मौकों पर यह पहचान होनी चाहिए कि जिसमें लोग एक-दूसरे के साथ खड़े हों, हर समूह की आजादी और समानता को सुनिश्चित करें, वे अपने भीतर ही ताकत और जज्बा पैदा करें।

यही वह समय भी है जब लैंगिक, जाति और श्रम जैसे मुद्दों पर भी एलजीबीटी समुदाय को भीतर और बाहर से अपने साथ शामिल किया जाए। इसी तरह, भारत में अलग तरह के इन नागरिकों को यह महसूस करना चाहिए कि एक समाज के खिलाफ उपयोग में लाए गए नेशनल रजिस्टर का विस्तार दूसरों के लिए भी किया जा सकता है। जर्मनी का इतिहास हमें यह सबक देता है। अलग-थलग कर दिए समुदायों में हमारी शक्ति कम हो जाती है लेकिन अगर हम एक रहते हैं तो हमारे संविधान द्वारा दिए गए वचनों को पूरा करने की दिशा में हम संघर्ष के लिए आगे बढ़ने की क्षमता को हासिल कर लेते हैं।

आज के दौर के भारत में सामाजिक ताने-बाने को उधेड़ना और भेदभाव का सामान्यीकरण करने की प्रवृत्ति भाईचारे, समानता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को ध्वस्त करने वाली है। इससे खुद संविधान भी कमजोर होता चला जाएगा।

संविधान को तैयार करने वालों का दर्शन अब भी बहुतों के लिए उम्मीद की तरह है।.... संविधान का भारत हम सबको इस योग्य बनाता है कि हम अपने मन की बात कह सकें, अपनी आवाज तेज कर सकें और हमारी अपेक्षाओं को शक्ति मिले। ...आज हम इसी दर्शन का सम्मान करते हैं। हमें इसी दर्शन का बचाव करना चाहिए।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील हैं)

गिद्धों का खत्म होना

संजीव राय

दुनिया मेरे आगे

गिद्धों के गायब होने की खबर ने पारसी समाज की एक परंपरा को बदलने के लिए बाध्य किया है। हमारे जीवन में जैसे-जैसे नई चीजें आती हैं, कुछ पुरानी चीजें गायब हो जाती हैं। शहरीकरण और औद्योगीकरण की तेज रफ्तार और तकनीकी विकास की दौड़ में हमारे बीच से गौरैया, महोखा, नीलकंठ, कोयल जैसे कई पक्षी अब गाहे-बगाहे ही दिखते हैं। यही हाल तितलियों और भौंरों का भी है। शहरों में रहने वाले अधिकतर बच्चों को तितली अब फोटो में ही दिखती है। अब खबर यह आ रही है कि शहरों में गिद्ध, चील और कौवे भी कम होते जा रहे हैं। हिरण की हंगुल और संगाई प्रजातियां भी विलुप्त होने के कगार पर हैं।

गिद्ध, चील और कौवों की घटती संख्या से कुछ नई समस्याएं पैदा हो रही हैं। पारसी समुदाय में अपने मृत परिजनों के शव को एक प्लेटफार्म नुमा खुली जगह पर रखने की परंपरा रही है। मुंबई में उस प्लेटफार्म को 'शांति टॉवर' कहा जाता है। यहां वर्षों से, शव रख दिए जाते थे और गिद्ध, चील और कौवे उनका भक्षण कर जाते थे। पारसी समाज में शवों को जलाने या जमीन में दफनाने का प्रचलन नहीं रहा है। उनका मानना है कि शव को जलाने अथवा जमीन में दफन करने से प्रकृति में प्रदूषण बढ़ता है, इसीलिए पारसी लोग मृतक के शरीर को गिद्ध, चील और कौवे के खाने के लिए खुले में छोड़ देते हैं। लेकिन पारसी समुदाय के कुछ सदस्य अब शवों को खुले में गिद्धों के लिए छोड़ने के बजाय उन्हें जलाने लगे हैं।

बढ़ते प्रदूषण, बीमारी और बीमार लोग और पशुओं के उपयोग में आने वाली कुछ हानिकारक दवाओं का असर शवों के रास्ते गिद्ध, चील और कौवों पर भी पड़ा और उनकी मौत का कारण बनने लगा। इससे इनकी संख्या में भारी गिरावट आने लगी। बंजर-खाली जमीन के अलावा बागों और जंगलों का कटते जाना भी पक्षियों के खात्मे का एक प्रमुख कारण है। एक दशक में गिद्धों की संख्या में नब्बे फीसद से अधिक की कमी आ चुकी है। पक्षियों की संख्या में आई इस गिरावट ने पारसी समाज को बाध्य किया कि वह अपने परंपरागत तरीके को त्याग कर कुछ दूसरे विकल्प तलाशे। पारसी समाज ने सोलर कंसेंट्रेटर की मदद से शवों को कई दिनों तक गरम रखने के प्रयास किए हैं जिससे कौवे आदि भी शवों का भक्षण कर सकें। परंतु गिद्धों के मुकाबले कौवे जयादा समय लेते हैं और बारिश के मौसम में यह सौर उपाय प्रभावी नहीं रह जाता है। ऐसी स्थिति में अब पारसी समाज के कुछ लोग शवों को जलाने की भी वकालत कर रहे हैं। पारसी समाज के लोगों की संख्या देश में एक लाख से भी कम रह गई है। मूलतः व्यापार से जुड़े इस समुदाय के बारे में ऐसा कहा जाता है कि किसी पारसी व्यक्ति की आमदनी अगर पचास हजार रुपए महीने से कम होती है तभी समुदाय उसे गरीब मानता है!

सरकार और दूसरी सामाजिक संस्थाओं के प्रयास से पर्यावरण संरक्षण, गिद्धों के बचाव और संख्या वृद्धि के कुछ प्रयास किए जा रहे हैं। मुंबई के धारावी में कूड़ेदान के ऊपर दो दशक पहले 'नेचर पार्क' बनाया गया था। इसमें औषधि के गुण वाले पौधों के साथ विविध प्रकार के पेड़-पौधे लगाए गए। इसका परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे पक्षियों और तितलियों की अनेक प्रजातियां नेचर पार्क में दिखने लगीं। अब आसपास के लोग सुबह-शाम पार्क में टहलने आते हैं और साथ ही स्कूली बच्चे भी अपने शैक्षिक भ्रमण के क्रम में यहां आते हैं और नए अनुभव लेकर जाते हैं।

गिद्धों के साथ ही उल्लू, गुलाबी माथे वाली बत्तख और सारस भी अब बहुत कम दिखते हैं। मछलियों की प्रजातियां भी कम हो रही हैं। गिद्धों का कम हो जाना हजारों साल पुरानी परंपरा को बदल रहा है। चारा-दाना, संरक्षण देकर पक्षियों की मदद की जा सकती है। लेकिन अभी भी हर साल पंद्रह अगस्त के आसपास दिल्ली में भी पतंगबाजी के दौरान मांझे से हुई किसी व्यक्ति की मौत और बड़ी संख्या में पक्षियों के घायल होने की खबर आती है। हम अभी भी पक्षियों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। आक्रामकता हमारे व्यवहार का सामान्य लक्षण बनती जा रही है। हमारा अंधाधुंध शहरीकरण, बागों, नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों का खत्म होना दरअसल मानवता के लिए विनाश का रास्ता है। ध्यान से देखिए तो आप के बचपन में आसपास घूमने वाली गौरैया, बनमुर्गी, कोयल, नीलकंठ, महोखा जैसे पक्षी अब विलुप्त होने की कगार पर हैं। तितली के पीछे-पीछे दौड़ना तो आज के बच्चे जानते होंगे, इसमें संदेह है!

विलय के बाद

सरकार ने हाल ही में देश के कुछ प्रमुख सरकारी बैंकों के विलय की घोषणा की है। क्या इस विलय की बहुत जरूरत थी? भारत के मौजूदा सामाजिक-आर्थिक हालात को देखते हुए यह सवाल काफी मायने रखता है। आज से पहले इतने व्यापक स्तर पर कभी बैंकों का विलय देखने को नहीं मिला। आजादी के बाद 20 जुलाई 1969 को चौदह बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। उस फैसले का मकसद अर्थव्यवस्था में कृषि, लघु उद्योग और निर्यात पर अधिक ध्यान देना था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले भारत की पूरी पूंजी बड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक घरानों के जरिए ही नियंत्रित होती थी। उस व्यवस्था में बैंकों में पैसे जमा करने वाले के लिए किसी तरह की सुरक्षा की गारंटी नहीं थी। फिर 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद तो बैंकिंग क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन गया।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम कर देने का परिणाम शायद कुछ वक्त बाद ही दिखे या हो सकता है इसका दूरगामी परिणाम भी हमारे सामने आए। विशेषकर मानव संसाधन, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था के विकास के लिहाज से यह फैसला काफी अहम हो सकता है। लेकिन अगला बड़ा सवाल यह है कि क्या इस विलय के बाद बैंकों की गैर निष्पादित संपत्तियां यानी एनपीए की समस्या सुलझ जाएगी? या उस कर्ज पर नियंत्रण लग पाएगा जिसके वापस मिलने की उम्मीद कम ही है? क्या इस फैसले से बैंकों की काम करने की क्षमता में कुछ सुधार होगा?

दरअसल, इस विलय से बैंकों के काम का स्तर और बढ़ भी सकता है जिसमें कर्ज देने की क्षमता और निवेश भी शामिल होगा तथा देश में वैश्विक स्तर के मजबूत बैंक बनेंगे। लेकिन इसके अपने जोखिम भी हैं। कहीं मजबूत बैंकों के सहारे कमजोर बैंकों को उठाने की जगह ऐसा न हो कि कमजोर बैंक ही मजबूत बैंकों को डुबो दें! दुनिया की चार सबसे बड़ी लेखा संस्थाओं में से एक केपीएमजी के एक शोध के अनुसार 83 फीसद विलय ऐसे रहे हैं जो शेयरधारकों को अधिक मुनाफा देने में नाकाम रहे हैं।

● *प्रतीत दहिया, राजकीय महाविद्यालय, बागपत*

खतरे की अनदेखी

असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर यानी एनआरसी तैयार करने का एक बड़ा आधार यही था कि राज्य की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ वहां के मूल निवासियों की पहचान के लिए खतरा पैदा हो गया था। विडंबना यह है कि कई राजनीतिक दल इस खतरे की अनदेखी करने की वकालत कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। आज जब हर देश अपने और विदेशी नागरिकों की पहचान सुनिश्चित कर रहा है तब भारत को भी यह तय करना चाहिए कि देश में रहने वाला कौन भारतीय है और कौन नहीं? चूंकि यह पहचान तय करना वक्त की मांग है इसलिए एनआरसी का काम उदाहरण पेश करने वाला होना चाहिए। इसी से एनआरसी पर हो रही राजनीति थमेगी।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर, बिहार*

आस्था और पर्यावरण

देश में इन दिनों गणपति महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें लोग अपने घरों-मोहल्लों में गणेशजी की मूर्तियां स्थापित करते हैं। लेकिन आस्था के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने की नैतिक जिम्मेदारी भी हमारे कंधों पर है क्योंकि इन मूर्तियों का विसर्जन नदियों, जलाशयों में किया जाना निश्चित है। वास्तव में नदियां राष्ट्र की जीवनदायिनी होती हैं और इनका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। इसलिए सरकार द्वारा निर्धारित स्थलों पर ही मूर्तियों के विसर्जन करना चाहिए ताकि नागरिक-सरकार सहयोग से प्राकृतिक स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सके और अप्रत्यक्ष रूप से जल शक्ति मंत्रालय को समर्थन मिले जिससे शीघ्र ही 'घर-घर नल' का सपना साकार हो।

● *कपिल एम वड़ियार, पाली, राजस्थान*

मौत के पटाखे

पंजाब के बटाला में बीते बुधवार को जो हुआ वह अपेक्षित ही था। घने रिहाइशी इलाके में पटाखे बनाने की फैक्ट्री पूरी तरह ध्वस्त हो गई। तेईस लोग मारे गए। इससे किसी को क्या फर्क पड़ता है! बस जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मुआवजे का ऐलान हो गया है जैसा कि हर हादसे के बाद होता है। वही रस्मअदायगी गुरदासपुर में भी की गई थी। उसके बाद यही कहानी कहीं और दोहराई जाएगी।

पटाखों से प्रदूषण बढ़ता है। जान-माल का नुकसान होता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया था। बावजूद इसके, किसी को कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा है। दक्षिण का शिवकासी तो पटाखों का शहर ही माना जाता है। वहां कई दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग मारे गए। 10 अप्रैल 2016 को केरल में कोल्लम के पुत्तिंगल मंदिर में सुबह तीन बजे पटाखों से लगी आग के कारण 111 लोग मारे गए थे और 150 से अधिक घायल हुए थे। फिर भी पटाखों से छुटकारा पाने के लिए कोई कुछ नहीं कर रहा है। मतलब, हादसों और मौतों से ज्यादा तरजीह हम अपनी आस्था को देते हैं। हम लोगों को आविष्कार से अधिक चमत्कार में विश्वास है। जब तक ऐसा है, ये हादसों से लोग मरते रहेंगे।

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर, बिहार*

जाति की जगह

हमारे देश की अनेक सामाजिक संस्थाओं खास तौर पर हॉस्टलों के नाम जातियों पर रख दिए गए हैं। मसलन जाट हॉस्टल, राजपूत हॉस्टल, ब्राह्मण छात्रावास, मीणा छात्रावास, यादव हॉस्टल आदि-आदि। जब हम पहले से ही हॉस्टलों को उनकी जाति या वर्ण से चिह्नित करते हैं तो समाज को जातिगत खांचों में बांट कर कोई अच्छा संदेश नहीं देते हैं बल्कि छात्रों में जातिगत भेदभाव और कटुता को ही बढ़ावा देते हैं। अगर हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है तो ऐसे नामकरण धर्मनिरपेक्षता की कोई सार्थक मिसाल बिल्कुल भी पेश नहीं करते। समय आ गया है जब जातियों के आधार पर संस्थाओं का नामकरण करने की परंपरा को समाप्त किया जाए।

बहुत पहले की बात है। मेरा तबादला राजस्थान के एक दूरदराज इलाके में हुआ था। जब तक मैं अपने परिवार को ले जाता, मैंने वहां के एक अच्छे और चर्चित हॉस्टल/ विश्रामालय में ठहरने का मन बनाया। संपर्क करने पर हॉस्टल के मैनेजर ने साफ कह दिया कि यह एक विशेष संप्रदाय के लोगों के लिए सेठजी ने खोला है, सभी के लिए नहीं। मेरे खूब निवेदन करने पर भी प्रबंधक महोदय माने नहीं। आखिर जो सामाजिक संस्थाएं अथवा हॉस्टल जरूरत पड़ने पर आपके काम न आएं और अपनी जातिवादी मानसिकता पर अडिग रहें, उनकी समाजसेवा और जातिगत अस्मिता किस काम की?

● *शिबन कृष्ण रैणा, अलवर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

epaper.jansatta.com

नई फिल्म

- ड्रीम गर्ल
- जोया फैक्टर

बॉक्स ऑफिस

फिल्म	कुल कमाई
साहो	247.5 करोड़
मिशन मंगल	184.75 करोड़
बाटला हाउस	86.2 करोड़
जबरिया जोड़ी	16 करोड़

5 सितंबर तक की कमाई

जन्मदिन

राकेश रोशन	6 सितंबर
राधिका आप्टे	7 सितंबर
आशा भोंसले	8 सितंबर
अक्षय कुमार	9 सितंबर

ख्वाहिश आसमान छूने की : सुशांत

आरती सक्सेना

आमने सामने

सुशांत सिंह राजपूत की फिल्में कुछ हट के होती हैं चाहे वो फिल्म 'काय पो छे!' हो या फिर 'सोन चिड़िया' या जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'छिछोरे'। सुशांत हर फिल्म में एक नए अंदाज में नजर आते हैं और इस फिल्म के पोस्टर को देखकर लग रहा है कि इस फिल्म में भी उनका एक अलग ही अवतार नजर आएगा। इस फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प सवालों के जवाब दिए सुशांत सिंह राजपूत ने...

सवाल : 'छिछोरे' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में क्या खास है जिसने आपको इस फिल्म में काम करने के लिए आकर्षित किया?

● इस फिल्म की कहानी दमदार है। मेरे लिए कहानी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। 'छिछोरे' की कहानी का आधार दोस्ती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि चाहे दोस्त कितने भी छिछोरे हो लेकिन अगर वो बुरे वक्त में काम आते हैं तो उनसे अच्छा दोस्त कोई नहीं हो सकता। वही आपका सच्चा दोस्त होता है। इसे ही फिल्म में बड़ी ही खूबसूरती से दिखाया गया है।

सवाल : क्या इस फिल्म ने आपको कॉलेज के दिनों की याद दिला दी?

● हां बहुत ज्यादा। कॉलेज के दिनों में खास तौर पर इजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान मेरे कई ऐसे दोस्त थे जो छिछोरे होने के साथ-साथ अपनी दोस्ती के प्रति बेहद ईमानदार भी थे। मेरे कुछ खास दोस्तों ने ही मुझे अभिनय के लिए प्रेरित किया था। कहते हैं न टेढा है पर मेरा है। मेरे दोस्त भी कुछ ऐसे ही हैं। मैं आज भी उनसे मिलता हूं।

सवाल : इस फिल्म से जुड़े किरदार और खास बात को बताएं?

● मैं इस फिल्म में अनुरुद्ध का किरदार निभा रहा हूं जिसे प्यार से सारे दोस्त एन्नी कहते हैं। उसका वरुण शर्मा नाम का एक दोस्त है जो हमेशा लड़कियों के बारे में फैंटेसी करता रहता है। उसके जीवन का मकसद खूबसूरत लड़कियां हैं। एक दोस्त प्रतीक बब्बर है जिसका नाम रागी है। ऐसे ही सारे दोस्तों के नाम किरदार के नाम के हिसाब से हैं।

सवाल : 'छिछोरे' में आप पहली बार श्रद्धा कपूर के साथ काम कर रहे हैं। श्रद्धा के साथ काम का अनुभव कैसा रहा। उनके बारे में आप क्या कहना चाहेंगे?

● श्रद्धा अच्छी अभिनेत्री होने के साथ एक बहुत अच्छी इंसान भी हैं। वो बहुत ही डाउन टू अर्थ, हंसमुख और सकारात्मक सोच रखने वाली इंसान हैं। उनसे बातें करने भर से सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है। फिल्म में वो माया का किरदार निभा रही हैं जिन पर सारे लड़के फिदा है और मैं उनसे दोस्ती करने के चक्कर में कई सारे ड्रामे करता हूं। 'छिछोरे' में दर्शकों को नब्बे के दशक की झलक दिखेंगी, जिसे निभाने में हम सभी को बहुत मजा आया।

फिल्म 'छिछोरे'

सवाल : आपको इस इंडस्ट्री में आए हुए कई साल हो गए। ऐसे में जब आप पीछे मुड़ कर देखते हैं तो क्या पाते हैं?

● मैं पटना का रहने वाला छोटा सा इंसान था जिसकी आसमान को छूने की ख्वाहिश थी। मेरी जिंदगी का सबसे प्यारा इंसान मेरी मां थीं जो उस वक्त गुजर गई जब मैं कक्षा बारहवीं की पढ़ाई कर रहा था। मेरी मां को चार बेटियां हुईं और काफी मन्नतों के बाद उन्हें एक बेटा यानी मैं पैदा हुआ। यही वजह है कि मैं बहुत लाड़ प्यार से पला। घर में मेरी हर ख्वाहिश पूरी की जाती थी। मेरी मां की दिली तमन्ना थी मुझे सफल देखने की अगर आज वो जिंदा होती तो मेरी सफलता देख उन्हें बहुत ज्यादा खुशी होती। आज मैं यही बात सबसे ज्यादा मिस करता हूं।

सवाल : आपने कई कलाकारों के साथ काम किया है। क्या आप किसी कलाकार के आगे नर्वस हुए हैं?

● नहीं। मैं कभी किसी बड़े अभिनेता के सामने नर्वस नहीं हुआ। जब मैं अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़कर फिल्मों में काम करने का जोखिम ले सकता हूं तो मेरे लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। मैंने कई सारे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है लेकिन उनके सामने नर्वस होने के बजाय मैंने उनसे कुछ सीखने की कोशिश की है।

सवाल : रेहा चक्रवर्ती के साथ रोमांस की खबरों के बारे में आप क्या कहेंगे ?

● मैं और रेहा बहुत अच्छे दोस्त है और इससे ज्यादा हमारे बीच क्या रिश्ता है, ये तो आपको खुद ही पता करना होगा। मुझे नहीं पता कि वो क्या सोचती है इस बारे में। लिहाजा इस बात पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता।

सवाल : अगर आपसे प्यार को परिभाषित करने को कहा जाए तो आप क्या कहेंगे?

● प्यार में इंसान की समझदारी अपने आप ही बढ़ जाती है। सच्चा प्यार वही है जिसमें आपकी भावनाओं को सामने वाला बिना कहे ही समझ जाए। और प्यार में कुछ कहने-सुनने की जरूरत ही ना पड़े। इसके अलावा अगर आप प्यार होने की बात करें तो आपका दिल जब किसी पे आ जाता है तो आपको उससे तुंरत प्यार हो जाता है। फिर आपको अपने प्रेमी की हजार बुराइयां भी अच्छाइयां लगती है इसे अंधा प्यार कहते है, जो बहुत कम समय चलता है। ऐसा प्यार कॉलेज के दौरान ज्यादा होता है, जो इस फिल्म 'छिछोरे' में दिखाया गया है।

खबर कोना

'खाली पीली' में साथ नजर आएंगे ईशान और अनन्या

बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर और अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्द ही एक साथ फिल्म 'खाली पीली' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का फर्स्ट लुक भी रिलीज हुआ है। फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर ने फिल्म के फर्स्ट लुक को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया। अली ने फिल्म के फर्स्ट लुक को साझा करते हुए लिखा, 'हमारा पहला प्रोडक्शन, भगवान हमें आशीर्वाद दे। एक डेढ़ शाणा, एक आइटम, एक टैक्सी और एक रात की कहानी, अपुन ला रहे हैं 2020 की सबसे राप्चिक मूवी। यह समय है खाली पीली का।' फिल्म 'खाली पीली' का निर्देशन मकबूल खान कर रहे हैं और यह मुंबई की पृष्ठभूमि पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म में संगीतकार 'विशाल-शेखर' की जोड़ी संगीत देगी। खबरों की मानें तो अगले हफ्ते इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो सकती है। यह फिल्म अगले साल 12 जून को रिलीज होगी। ईशान खट्टर इससे पहले फिल्म 'धड़क' में नजर आए थे। इसी फिल्म से उन्होंने अपने करिअर की शुरुआत की थी।

जोया की फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी जाह्नवी

'धड़क' से अभिनय की शुरुआत करने वाली जाह्नवी कपूर जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म में दिखेंगी। अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और अभिनेता विजय वर्मा निर्देशक जोया अख्तर की फिल्म 'घोस्ट स्टोरीज' में मुख्य भूमिकाएं निभाएंगे। फिल्म के निर्माताओं ने यह ऐलान किया है। अभिनेता विजन वर्मा फिल्म 'गली बॉय' में रणवीर सिंह के साथ नजर आए थे और उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। वहीं अब वे जोया की फिल्म में मुख्य किरदार में होंगे। 'घोस्ट स्टोरीज' नेटफ्लिक्स की 2018 की फिल्म 'लस्ट स्टोरीज' की अगली कड़ी होगी। फिल्म में चार कहानियां होंगी, जिसके लिये जोया, करण जौहर, दिवाकर बनर्जी और अनुराग कश्यप मिलकर काम करेंगे। चारों फिल्मकार इससे पहले 'लस्ट स्टोरीज' और 2013 में आई फिल्म 'बॉम्बे टॉकीज' में भी काम कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसका निर्माण आरएसवीपी पिक्चर्स और टाइगर बेबी करेंगे।

'ड्रीम गर्ल' के लिए आयुष्मान खुराना थे एकमात्र विकल्प

अपनी पहली ही फिल्म से बॉलीवुड में पहचान बनाने वाले आयुष्मान खुरान की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के निर्देशक राज शांडिल्य का कहना है कि उनके फिल्म 'ड्रीम गर्ल' के लिए आयुष्मान खुराना उनका पहला और एकमात्र विकल्प थे। निर्देशक ने बताया कि 'लिखते समय हमने 'ड्रीम गर्ल' के लिए आयुष्मान के बारे में ही सोचा था। जब मैंने आयुष्मान को कहानी सुनने के लिए संदेश भेजा तब 'बधाई हो' और 'अंधाधुन' रिलीज नहीं हुई थीं। उन्होंने कहानी सुनी और काम करने के लिए तुरंत हामी भर दी।' उन्होंने कहा कि आयुष्मान हास्य विधा में माहिर हैं और वह अपने काम को पूरी लगन से अंजाम देते हैं। 'ड्रीम गर्ल' में आयुष्मान ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं जो महिलाओं की आवाज निकाल सकता है और रामलीला में महिला चरित्रों की भूमिका निभाता है।

बिना कहानी आप कुछ भी नहीं हैं : अमृता सुभाष

'सेक्रेड गेम्स 2' में रॉ एजेंट कुसुम देवी यादव उर्फ केडीवाई के किरदार को मिल रहे प्यार और सराहना से अमृता सुभाष काफी उत्साहित हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि कहानी उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है और वह इसके साथ कोई समझौता नहीं करेंगी। उन्होंने बताया कि 'काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अब लोग मुझे 'यादव साब' बुलाने लगे हैं। लेखन में जिस तरीके से इस किरदार को ढाला गया, उसी वजह से यह पसंद किया गया। आप अच्छे अभिनेता हो सकते हो लेकिन अगर आपके पास अच्छी कहानी नहीं है तो आप कुछ नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'मैंने जितने काम स्वीकार नहीं किए उससे कहीं ज्यादा को न कहा। अच्छी कहानी मेरी पसंद है। मैं बुरी कहानी से नहीं जुड़ सकती।'

प्राचीन ग्रंथों के साथ नवाचार की पहल

शशिप्रभा तिवारी

अल्पना की ओर नृत्य समारोह भूमि प्रणाम का आयोजन किया गया जिसमें ओडिशी नृत्यांगना अल्पना नायक के साथ उनकी शिष्याओं ने भी ओडिशी नृत्य पेश किया। इस समारोह का आरंभ परंपरागत मंगलाचरण के बजाय रंग स्तुति से हुआ। यह स्तुति आचार्य नंदिकेश्वर की कृति अभिनय दर्पण से लिए गए अंश-सभा लक्षणम पर आधारित थी। इस रचना में सभा लक्षणम, सभा रचना, प्रार्थना, रंग देवी की स्तुति और पुष्पांजलि को दर्शाया गया। इसका समापन गणेश स्तुति 'पदबंदे गणनाथ' से हुआ। इस पेशकश में गुरु अल्पना नायक और उनकी शिष्याओं ने शिरकत की। आमतौर पर ओडिशी में कलाकार भगवान जगन्नाथ की वंदना पेश करते हैं। उस लीक से हटकर अल्पना नायक ने अपनी नई सोच और परिकल्पना को रंग स्तुति के माध्यम से पेश किया। कलाकारों की ऐसी पहल स्वागत योग्य है कि वो प्राचीन ग्रंथों के साथ एक नवाचार की पहल करते हैं।

नृत्योत्सव

समारोह की दूसरी प्रस्तुति वृंदावनी सारंग में निबद्ध पल्लवी थी। यह राग वृंदावनी सारंग में पिरोए गए पल्लवी में ओडिशी नृत्य की तकनीकी बारीकियों का अंग, पद और हस्त संचालन के जरिए पेश किया गया। लयात्मक गतियों में लय के विस्तार के साथ अंगों के संचालन का विस्तार मोहक था। इस प्रस्तुति में कलाकारों का आपसी सामंजस्य और संयोजन देखने लायक था। पल्लवी की इस पेशकश में भी नयापन और एक नई उमंग और गति दिखी। अलस कन्याओं समेत कई नायिकाओं की भंगिमाओं का प्रयोग अपना अनूठा प्रभाव छोड़ता नजर आया। हालांकि किसी नई परिकल्पना को साकार करना चुनौतिपूर्ण होता है पर यह समेकित प्रयास भी सुंदर था।

अल्पना नायक अक्सर अपनी शिष्याओं को लेकर परंपरागत नृत्य में नवीनता लाने का प्रयास करती हैं, जो युवा शिष्याओं को आकर्षित करता है। उनमें उत्साह भरता होगा कि वो ऐसी रचनाओं को पूरी तन्मयता से नृत्य में पिरोएं। गुरु के प्रयास को शिष्याओं ने भी अपने लगातार रियाज और तैयारी के जरिए साकार किया।

अगली प्रस्तुति उड़िया गीत पर आधारित थी। यह भक्त चरण दास रचित चैतीसा-'कला कलेबारा कन्हाई' थी। इसमें परंपरागत शैली का अनुसरण करते हुए भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजित दर्शाया गया। नृत्य के इस अंदाज ने एक अलग प्रभाव छोड़ा। वहीं, पूतना वध, गिरि गोवर्धन धारण, कुब्जा उपख्यान का चित्रण भी कलाकारों ने बहुत ही सुंदर अंदाज में किया। एक-एक प्रसंग के चित्रण में संचारी भाव के साथ अभिनय में अच्छी परिपक्वता दिखी। इस प्रस्तुति में गुरु अल्पना नायक सहित उनकी शिष्याएं प्राप्ति गुप्ता, देविका सेठा, दीक्षा कन्नन, पीहू श्रीवास्तव, प्रगति मलिक, यस्तिका धवन और श्रेयशा ने शिरकत की।

ओडिशी नृत्यांगना अल्पना नायक ने करीब बीस वर्ष पहले अपनी शिष्याओं को नृत्य सिखाना शुरू किया था। धीरे-धीरे शिष्याओं ने ओडिशी नृत्य को अपने जीवन में पूर्णता से अंगीकार किया और गुरु का मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त किया। इस में कोई दो राय नहीं कि गुरु के तौर पर सहृदयता से शिष्याओं को गुणग्राही बनाने की परंपरा को अल्पना नायक ने समृद्ध किया है।

वेनिस फिल्म महोत्सव



इटली में चल रहे 76वें वेनिस फिल्म महोत्सव में फिल्म 'सैटरडे फिक्शन' के प्रीमियर पर अभिनेत्री गोंग ली एक प्रशंसक के साथ तस्वीर खिंचवाती हुई।

प्यारेलाल संतोषी (7 अगस्त, 1916- 7 सितंबर, 1978)

प्रेरणा के जलप्रपात की जुनूनी गूंज

गणेशनंदन तिवारी

पीएल संतोषी के दिन नहीं जमाना हुआ करता था। गीतकार संतोषी को बतौर निर्देशक पहला मौका दिया था 1946 में पुणे के प्रभात स्टूडियो ने 'हम एक हैं' में। देव आनंद की यह पहली फिल्म थी। तब कैमरामैन पई और संतोषी देव आनंद के सामने के दांतों के बीच का गैप भरने को लेकर परेशान थे। इस फिल्म ने संतोषी के जीवन में भारी उलटफेर किया था। इसमें एक संघर्षरत लड़की रेहाना (मुश्तरजहां) को बड़ा मौका मिला था। रेहाना लखनऊ की रहने वाली थी। कम उम्र से ही कज्जनबाई की टूरिंग कंपनी में देश विदेश में घूम चुकी रेहाना दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान दो अंग्रेजों की बनाई कंपनी में शामिल हो गई। इस कंपनी का काम अंग्रेज सिपाहियों का मन बहलाव करना था। यही रेहाना फिल्मों में आकर पीएल संतोषी की प्रेरणा बनी। सात सालों तक संतोषी ने उन्हें दीवानगी की हद तक चाहा। अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। संतोषी के गाने और उनकी पटकथाओं के किरदारों में बस रेहाना का अक्स ही नजर आता था। 1946 से लेकर 1952 तक संतोषी की फिल्मों में रेहाना होती थी।



हमारी याद आएगी

मध्य प्रदेश के जबलपुर का भेड़ाघाट जलप्रपात बहुत मशहूर है। इस झरने का आकर्षण अद्भुत है। जब सैलानी इसके पास खड़े होते हैं तो फिर उन्हें उसकी जुनुनी गूंज के अलावा कुछ और सुनाई नहीं देता। इसी जबलपुर से 17-18 साल का एक लड़का तीस के दशक में मुंबई फिल्मजगत में जाकर खूब शोहरत और दौलत कमाता है। देव आनंद उसकी पहली फिल्म के हीरो बने। गुरु दत्त पांचवें असिस्टेंट बने। हास्य अभिनेता महमूद तो उनकी गाड़ी चलाते थे। यह बहुमुखी प्रतिभाशाली कलाकार थे पीएल संतोषी। 'घायल', 'घातक', 'दामिनी', 'अंदाज अपना अपना' जैसी फिल्में बनाने वाले मशहूर निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता। कल उनकी 41वीं पुण्यतिथि है।

निर्देशकों में अपनी हीरोइन के प्रति आकर्षण सहज, स्वाभाविक बात रही है। चेतन आनंद प्रिया राजवंश के प्रति आकर्षित थे। राज कपूर नरगिस के प्रति आकर्षित रहे। गुरु दत्त में यह आकर्षण वहीदा रहमान को लेकर रहा। यहां तक कि संतोषी के बेटे राजकुमार भी एक समय मीनाक्षी शेषाद्रि के प्रति आकर्षित रहे। यह हर दौर में होता रहा है। पीएल संतोषी के साथ भी यही हुआ था, जिसने उनकी सहज, स्वाभाविक प्रतिभा को हाशिए पर पटक दिया था।

1947 में शहनाई का गाना 'आना मेरी जान मेरी जान संडे के संडे...' के हिट होने के बाद तो संतोषी ने रेहाना को 'सरगम' में राज कपूर की और 'सगाई' में प्रेमनाथ की हीरोइन बना दिया था। शंभु महाराज से कथक सीखी रेहाना को पहली झटका क्वीन कहा गया। उनकी फिल्मों की खूब आलोचना होती थी। संतोषी के साथ उनकी 'शिन शिनाकी बूबला बू' (1952) को नैतिकता के आधार पर सेंसर ने बैन कर दिया था।

संतोषी का रचना संसार रेहाना में ही सिमट कर रह गया। रेहाना संतोषी के लिए भेड़ाघाट के झरने की जुनूनी गूंज की तरह थी। जब वह रेहाना के करीब होते थे, उन्हें और कुछ सुनाई नहीं देता था। रेहाना की शॉपिंग और शाहखर्ची पर संतोषी ने खूब पैसा लुटाया।

वक्त बदला। संतोषी की 'छम छमा छम' (1952) पिटी, तो रेहाना ने मुंह फेर लिया। संतोषी को लगा कि उनकी प्रेरणा उनसे दूर हो गई। वह बदले हालातों को समझ रहे थे, मगर अपने दिल के हाथों मजबूर थे। इतने मजबूर कि उनके मुंह पर रेहाना दरवाजा धड़ाम से बंद कर देती थी और संतोषी बाहर सीढ़ियों पर बैठे रहते थे।

1965 में रेहाना पाकिस्तान चली गई और वहां फिल्मों में काम करने लगी। संतोषी प्रेरणा के झरने के सामने से हटे तो सोचने समझने लायक बने। समझ गए कि उनकी प्रेरणा कुछ और नहीं एक जलप्रपात की जुनूनी गूंज भर थी। वह उसके पास से हटे तो अपनी सहज, स्वाभाविक स्थिति में आ गए। और वक्त ने भी इस बात को साबित किया। 1957 में संतोषी बाल की फिल्म 'हम पंछी एक डाल के' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

राष्ट्रपति ने 46 शिक्षकों को प्रदान किए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

शिक्षा प्रणाली में ज्ञान के साथ विवेक के महत्त्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुरुवार को शिक्षकों को सुझाव दिया कि वे अपनी मौलिक जिम्मेदारी को समझते हुए एक ऐसी नई पीढ़ी तैयार करें जो ज्ञान और विवेक के सामंजस्य से परिपूर्ण हो ताकि वह आज की सभी चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपट सके।

डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 'शिक्षक दिवस' पर 46 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने के बाद कोविंद ने एक समारोह में कहा कि विश्व आज सूचना युग से ज्ञान युग में प्रवेश कर रहा है। लेकिन केवल ज्ञान के विकास से ही समाज की समग्र सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। ज्ञान के साथ विवेक जरूरी है। विवेक सम्मत ज्ञान से ही मानवीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवेक के बल पर ही समाज के हर क्षेत्र में व्यवसायीकरण, जीवन मूल्यों में गिरावट से उत्पन्न चुनौतियों का हम सभी सामना कर पाएंगे। शिक्षकों की जिम्मेदारियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी शिक्षकों के लिए मेरा सुझाव है कि आप सब अपनी मौलिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए एक ऐसी नई पीढ़ी तैयार करें जो ज्ञान और विवेक के सामंजस्य से परिपूर्ण हो ताकि वह आज की सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान कर सके। यही सच्चे अर्थों में शिक्षक दिवस की प्रामाणिकता होगी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के साथ मानवीय करुणा का मेल तथा डिजिटल ज्ञान के साथ चरित्र निर्माण के बीच सामंजस्य जरूरी हैं।

कश्मीर टाइम्स के संपादक समेत अन्य याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में संचार व्यवस्था कथित रूप से अवरुद्ध होने के खिलाफ कश्मीर टाइम्स की कार्यकारी संपादक और अन्य की याचिकाओं पर 16 सितंबर को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पीठ से कश्मीर टाइम्स की कार्यकारी संपादक अनुराधा भसीन ने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म किए जाने के एक महीने बाद भी पत्रकारों को राज्य में स्वतंत्र रूप से आने जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि महान्यायवादी तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि कश्मीर टाइम्स के संपादकों ने अपना अखबार प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया है।

एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए जन आंदोलन शुरू करें : मोदी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि देश ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए जन आंदोलन शुरू किया है जिसमें शिक्षक सक्रिय भागीदारी करें, छात्रों को इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में समझाएं और उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

प्रधानमंत्री ने संदेश में कहा कि इस शिक्षक दिवस पर मैं अपने साथी शिक्षकों से एक अनुरोध करना चाहता हूं। देश ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए जन आंदोलन शुरू किया है। मैं इस जन आंदोलन में शिक्षक समुदाय की सक्रिय सहायता और भागीदारी चाहता हूं। जब शिक्षक अपने छात्रों को एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में समझाएंगे और इसका उपयोग नहीं करने की सलाह देंगे तो छात्र भी इस जन आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित होंगे। यह पूज्य बापू को उनकी 150वीं जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मोदी ने शिक्षक समुदाय को शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन पूरी शिक्षक बिरादरी का उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए अभिनंदन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि कक्षा में शिक्षा से जुड़े विषयों को पढ़ाने के अलावा, शिक्षक असाधारण मार्गदर्शक और संरक्षक भी होते हैं, जो अपने छात्रों के जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का निस्वार्थ भाव पूरे विश्व में सराहनीय है। व्यस्त कार्यक्रम और अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद शिक्षक यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र आसानी से नए विचारों के बारे में जानें और नई चीजों को सीखें।

मोदी ने कहा कि आज भारत के शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव आ रहा है। अब हमने पारंपरिक तरीके से निकल कर परिणामों को प्राथमिकता देने की तरफ कदम बढ़ाया है। मुझे शिक्षकों को युवाओं के बीच अनुसंधान और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए देखकर खुशी होती है। उन्होंने कहा कि यही वह भावना है जो हमारे युवाओं को अपने और राष्ट्र के लिए असाधारण काम करने की शक्ति प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह आज के दिन महान शिक्षक डा. एस. राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और यह कामना करते हैं कि उनका जीवन अधिक से अधिक लोगों को शिक्षा के क्षेत्र से जोड़े और युवा मन को आकार देने के लिए हमेशा प्रेरित करे।

गांधी जयंती पर कांग्रेस का देशव्यापी आयोजन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए समूचे देश में बड़े स्तर पर पदयात्राओं और अन्य विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। एक सप्ताह तक चलने वाले इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर पार्टी ने अपने सभी महासचिवों और प्रदेश के प्रभारियों की शुक्रवार को दिल्ली में बैठक बुलाई है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सभी पार्टी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों को जारी एक पत्र में कहा है कि कांग्रेस महात्मा गांधी की जयंती पर देश भर में दो से नौ अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। 2 अक्टूबर को दिल्ली सहित पूरे देश में पदयात्राओं का आयोजन होगा। पदयात्राओं में शामिल होने वाले तमाम कांग्रेसी गांधी टोपी पहनेंगे, उनकी एक फोटो अपने साथ रखेंगे और पदयात्रा के दौरान गांधी से संबंधित नारे लगाते चलेंगे। प्रदेश कांग्रेस समितियों से यह भी कहा गया है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इन पदयात्राओं में शामिल होने के लिए विशेष तौर पर कहा जाए।

मोदी-महातिर मुलाकात में उठा जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का मुद्दा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद से बातचीत में जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण के मुद्दे को उठाया। भारत ने इस विवादास्पद कट्टरपंथी उपदेशक नाइक के प्रत्यर्पण के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं, जो आतंकवाद और धनशोधन के आरोपों में वांछित है।

मोदी ने रूस के पूर्वी सुदूर क्षेत्र में यहां पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) की पांचवीं बैठक के इतर मलेशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। मोदी ने महातिर को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के भारत के फैसले के पीछे के औचित्य को भी स्पष्ट किया। मोदी ने ट्वीट किया, 'मलेशिया के प्रधानमंत्री डॉ. महातिर मोहम्मद से मुलाकात अच्छी रही। हमने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर बातचीत की।' विदेश सचिव विजय गोखले ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महातिर से अपनी मुलाकात में नाइक के मलेशिया से प्रत्यर्पण के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों ने फैसला किया है कि हमारे अधिकारी इस संबंध में संपर्क में रहेंगे और यह हमारे लिए महत्त्वपूर्ण मुद्दा है।' कट्टरपंथी उपदेशक नाइक (53) 2016 में भारत से चला गया था और बाद में मुसलिम बहुल मलेशिया में जाकर रहने लगा। उसे वहां स्थाई निवास की अनुमति मिली है।

वह भारत में 2016 से कथित धनशोधन के मामले में और नफरत भरे भाषणों से आतंकवाद को भड़काने के मामले में वांछित है। पिछले आठ अगस्त को मलेशियाई हिंदुओं और चीनियों के खिलाफ नाइक के बयान के बाद उसके इस देश में किसी भी सार्वजनिक गतिविधि में शामिल रहने पर रोक लगा दी गई है। गोखले के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने महातिर के साथ जम्मू-कश्मीर संबंधी घटनाक्रमों और 'पुनर्गठन' पर भी बातचीत की।

सुप्रीम कोर्ट : माकपा नेता तारिगामी को एम्स स्थानांतरित करने का आदेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बीमार माकपा नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी को श्रीनगर से अविलंब दिल्ली स्थित एम्स में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। तारिगामी इस समय श्रीनगर में अपने घर में नजरबंद हैं।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पीठ ने कहा कि श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों के बीच परामर्श के बाद ही तारिगामी को स्थानांतरित किया जाएगा। पीठ ने माकपा महासचिव सीताराम येचुरी की याचिका पर केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस भी जारी किए। याचिका में कहा है कि तारिगामी को नजरबंद करने का कोई एक जैसा आदेश नहीं था। साथ ही पीठ ने इस याचिका पर एक हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। इस मामले में अब 16 सितंबर को आगे सुनवाई होगी। येचुरी ने पीठ से कहा कि माकपा के पूर्व विधायक को बेहतर इलाज के लिए एम्स में स्थानांतरित किए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

मोदी-आबे वार्ता में समुद्री मार्गों को लेकर हुई चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे से गुरुवार को व्लादिवोस्तोक में मुलाकात की और दोनों नेताओं ने उस रणनीतिक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई, जहां चीन अपनी सैन्य ताकत दिखा रहा है। दोनों नेताओं के बीच हिंद-प्रशांत में अहम समुद्री मार्गों को चीन के प्रभाव से मुक्त करने के लिए नई रणनीति विकसित करने को लेकर बात हुई।

भारत और जापान दुनिया के चार देशों के गठबंधन में शामिल हैं और नौवहन स्वतंत्रता को लेकर नई रणनीति विकसित करने में जुटे हैं। इस गठबंधन के दो अन्य देश हैं-अमेरिका और आस्ट्रेलिया। इस गठबंधन ने हिंद-प्रशांत में अहम समुद्री मार्गों को चीन के प्रभाव से मुक्त करने के लिए रणनीति विकसित करने की कवायद शुरू की है। पूर्व दक्षिण चीन सागर पर चीन अपनी संप्रभुता का दावा करता है। इस पर वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी अपना दावा पेश करते हैं। आबे के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'व्लादिवोस्तोक में प्रधानमंत्री शिंजो आबो से मुलाकात करके खुशी हुई। हमने कई विषयों पर गहराई से बातचीत की। हमने विशेष रूप से हमारे देशों के बीच व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंध और बेहतर करने पर वार्ता की। हम दोनों देश एक बेहतर ग्रह बनाने के लिए विभिन्न वैश्विक मंचों पर मिलकर काम कर रहे हैं।' मोदी और आबे की इस मुलाकात से पहले दोनों ने जापान के ओसाका में जी-20 शिखर सम्मेलन में और फ्रांस के बियारित्ज में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात की थी।

कश्मीर घाटी के 19 टेलीफोन एक्सचेंजों में सेवाएं बहाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली 5 सितंबर।

कश्मीर में प्रशासन ने गुरुवार को 19 और टेलीफोन एक्सचेंजों में सेवाएं बहाल कर दीं। करीब एक माह पहले अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को वापस लिए जाने के बाद संचार सेवाओं पर रोक लगाई गई थी। अभी मोबाइल और इंटरनेट सेवा को बहाल करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गुरुवार तड़के श्रीनगर के व्यापारिक केंद्र लाल चौक और प्रेस कॉलोनी में लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शनों ने काम करना शुरू कर दिया। 19 टेलीफोन एक्सचेंजों में सेवा बहाल की गई है। कश्मीर घाटी में करीब 100 टेलीफोन एक्सचेंज हैं। इस बीच, शहर की सड़कों पर निजी गाड़ियों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन घाटी में गुरुवार को 32वें दिन भी बंद जारी रहा। बाजार और अन्य कारोबारी प्रतिष्ठान बंद रहे, जबकि सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद है।

भारी जुर्माने का उद्देश्य लोगों को कानून तोड़ने से रोकना : गडकरी

पेज 1 का बाकी

बढ़े हुए जुर्माने को वसूलना शुरू दिया है। गडकरी ने कहा कि लोगों में कुछ गलत धारणा बैठी हुई है। यदि वे कानून का पालन करेंगे तो उन पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। कानून जुर्माना वसूलने के लिए नहीं लागू किया गया है। इसका मकसद यह है कि लोग यातायात नियमों को गंभीरता से लें और उनका उल्लंघन करने से बचें। मंत्री ने कहा कि नए कानून के क्रियान्वयन के बाद यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर जागरूकता बढ़ी है। एक बार लोगों ने कानून का अनुपालन शुरू कर दिया तो जुर्माना लगाने की जरूरत नहीं होगी।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है। व्यापक स्तर पर मोटर वाहन कानून में संशोधन सफल रहा है। बेहतर जागरूकता के बाद चालान की संख्या कम होगी। इस तरह की खबरों कि कुछ गैर भाजपा शासित राज्यों ने कहा है कि वे संशोधित मोटर वाहन कानून लागू नहीं करेंगे,पर गडकरी ने कहा कि इस तरह की कोई स्थिति नहीं है। यह विषय संविधान की समवर्ती सूची में है। यह विधेयक सभी राज्य सरकारों के साथ गहन विचार विमर्श के बाद लाया गया है। संसद ने जुलाई में मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक, 2019 पारित किया था।

महबूबा मुफ्ती की बेटी को मां से मिलने की इजाजत

पेज 1 का बाकी

बाइल्तिजा ने कहा कि उसे श्रीनगर जाने में कोई दिक्कत नहीं है परंतु वह शहर में अपनी मर्जी से कहीं आ जा नहीं सकती। इसके बाद पीठ ने इल्तिजा को श्रीनगर जाने और अपनी मां से मुलाकात करने की अनुमति प्रदान कर दी। लेकिन उसके श्रीनगर के दूसरे हिस्सों में जाने के बारे में अदालत ने कहा कि वे जिला प्रशासन से अनुमति मिलने पर ही ऐसा कर सकती हैं।

अपनी याचिका में इल्तिजा ने कहा था कि वे अपनी मां की सेहत को लेकर चिंतित है क्योंकि एक महीने से उनकी मुलाकात अपनी मां से नहीं हुई है। इल्तिजा की ओर से याचिका दायर करने वाली वकील नित्या रामकृष्णन जब अपनी दलीलें रख रहीं थी तभी अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल और महान्यायवादी तुषार मेहता ने कहा कि महबूबा की मां गुलशन आरा और बहन रुबैया सईद ने 29 अगस्त को उनसे मुलाकात की थी। जिला अधिकारी की अनुमति से उन्होंने दुबारा भी मुलाकात की थी।

महान्यायवादी ने कहा कि इस याचिका का यह मकसद नहीं है बल्कि कुछ और ही है। कुछ मिनट की सुनवाई के बाद पीठ ने कहा कि इल्तिजा को श्रीनगर जाने और अपनी मां से मुलाकात की इजाजत दी जा सकती है क्योंकि इसमें कोई दिक्कत नहीं है। महबूबा को श्रीनगर में राजभवन के निकट चश्मेशाही के परिसर में नजरबंद रखा गया है।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव में गूंजा जय श्रीराम

पेज 1 का बाकी

भी उछाला। भगवा कपड़ों में भाषण देने आए राघवेंद्र ने कहा कि इस परिसर में दक्षिणपंथी का मतलब राघवेंद्र मिश्रा होता है। उन्होंने कहा कि तिरंगे के साथ भगवा भी हमारी पहचान है। यहां तिरंगा भी फहरेगा और भगवा भी फहरेगा।

बिरसा, आंबेडकर, फुले स्टूडेंट्स एसोसिएशन (बापसा) के जितेंद्र सुना ने सतरंगी सलाम के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने 'जीतेगा जितेंद्र' के नारों के बीच मंच संभाला। उन्होंने 'अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे' कश्मीरियों को सलाम करते हुए भाषण की शुरुआत की और साथ ही असमियों को भी सलाम किया 'जो अपनी नागरिकता के लिए लड़ रहे हैं।' सुना ने कहा कि वह मजदूर थे और उनकी अध्यक्षीय परिचर्चा में 'उनकी जिंदगी का संघर्ष' दिखता है। उन्होंने दक्षिणपंथियों और वामपंथियों पर निशाना साधा। सुना ने माकपा पर पूंजीवाद लाने का आरोप लगाया और कहा कि अगर कार्ल मार्क्स जिंदा होते तो वह कहते, 'माकपा खत्म करो।'

छात्र राजद की प्रियंका भारती ने परिचर्चा में लोगों का इस्तकबाल करते हुए सतरंगी सलाम पेश किया। उन्होंने 'मेरी हिम्मत को सराहो, मेरे हमराह चलो। मैंने इक शमा जलाई है, अंधेरों के खिलाफ।' इन लाइनों के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने आरक्षण खत्म करने की कोशिशों पर हमला बोलते हुए कहा कि आरक्षण पर हमला, लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। उन्होंने अपना भाषण 'लालू यादव जिंदाबाद' 'राबड़ी देवी जिंदाबाद' के नारों से खत्म किया।

वाम एकता की उम्मीदवार आइशी घोष ने अपने भाषण के शुरुआत में बाबा साहब आंबेडकर की लाइनों 'किसी समाज के विकास को वहां की महिलाओं की उपलब्धियों से नापा जा सकता है' से की। 'लाल सलाम' के नारों के बीच भाषण करने पहुंची घोष ने कहा कि आज की सरकार तो इस देश का नाम भी बदलकर 'रिलायंस जियो इंडिया' कर सकती है। उन्होंने अपने हक के लिए लड़ रहे कश्मीरियों को 'क्रांतिकारी इस्तकबाल' पेश किया।

आतंकी घोषित करने पर अमेरिका का मिला समर्थन

पेज 1 का बाकी

में दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावना बढ़ गई है। भारत सरकार ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपी जकी-उर-रहमान लखवी, भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम, जैश प्रमुख मसूद अजहर और लश्कर संस्थापक हाफिज मुहम्मद सईद को बुधवार को एक नए आतंकवाद रोधी कानून के तहत आतंकवादी घोषित किया था। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए कार्यवाहक सहायक मंत्री एलिस जी वेल्स ने बुधवार को ट्वीट किया, 'हम भारत के साथ खड़े हैं और चार आतंकियों मौलाना मसूद अजहर, हाफिज सईद, जकी-उर-रहमान लखवी तथा दाऊद इब्राहिम को आतंकवादी घोषित करने के लिए नए कानूनी प्राधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए उसकी प्रशंसा करते हैं। यह नया कानून आतंकवाद की समस्या से लड़ने के भारत और अमेरिका के संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं का विस्तार करता है।' संसद ने करीब एक महीने पहले गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), 1967 में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी थी। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने नई दिल्ली में कहा कि उक्त चारों आतंकी संशोधित कानून के तहत आतंकवादी घोषित किए गए सबसे पहले आतंकवादी हैं। पहले यूएपीए कानून के तहत किसी संगठन को ही आतंकी घोषित किया जा सकता था। इसमें संशोधन के बाद अब सरकार किसी व्यक्ति को भी आतंकवादी करार दे सकती है। चारों भारत में आतंकी हमलों में शामिल रहे हैं और उन्हें संयुक्त राष्ट्र के तहत वैश्विक आतंकी घोषित किया गया है। नए विधेयक के तहत जिन्हें आतंकवादी घोषित किया गया है, सरकार उन लोगों पर यात्रा पाबंदी लगा सकती है। सरकार उनकी संपत्तियों को भी जब्त कर सकती है।

सोनिया से मिले हुड्डा व सैलजा, चुनावी रणनीति पर चर्चा

पेज 1 का बाकी

पद से हटाए गए अशोक तंवर के निवास पर जुटे समर्थकों में भारी नाराजगी देखी गई।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जो जिम्मेदारी कांग्रेस की ओर से उन्हें दी गई है उसके लिए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष का धन्यवाद किया और चुनावी रणनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल्दी ही चंडीगढ़ में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। हुड्डा ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी दी है, उससे वे संतुष्ट हैं। सूबे में कांग्रेस की हुकूमत दोबारा कायम करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कांग्रेसी पूरी ताकत झोंक देंगे और भाजपा को कड़ी टक्कर देकर सत्ता से बाहर करेंगे। दोनों नेताओं के आगामी शनिवार को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय में कार्यभार संभालने की संभावना है।

भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा के चुनाव में 75 पार का नारा देने के बारे में पूछने पर पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि उनका क्या है, वे चाहें तो 110 सीटों का नारा भी दे सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को यह यकीन है कि सूबे में उसकी पार्टी की सरकार बनेगी और पार्टी एकजुट होकर भजपा का मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाना है और इसके हासिल करने के लिए हम पूरा जोर लगाएंगे। उनके दिल्ली स्थित निवास पर गुरुवार को समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई। पार्टी कार्यकर्ता हुड्डा को जिम्मेदारी मिलने से जोश में दिखे।

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के पुत्र व राहतक के पूर्व सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कुमारी सैलजा व भूपेंद्र सिंह हुड्डा की जोड़ी को महत्त्वपूर्ण चुनावी जिम्मेदारी दिए जाने से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस भाजपा के अहंकार के रथ को रोकने का काम करेगी। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पार्टी में कोई गुटबाजी है। दीपेंद्र ने कहा कि पूरी पार्टी एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगी। उधर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक तंवर के घर पर भी उनके समर्थकों की भीड़ जुटी। ज्यादातर समर्थकों में तंवर को पद से हटाए जाने को लेकर भारी नाराजगी देखी गई। तंवर की मौजूदगी में काफी देर तक समर्थक नारेबाजी करते रहे।

नहीं मिली राहत, तिहाड़ भेजे गए चिदंबरम

पेज 1 का बाकी

में पेश किया गया। सीबीआइ ने अदालत से कहा कि उनको न्यायिक हिरासत में भेजा जा सकता है। सीबीआइ की ओर से पेश महान्यायवादी ने जज से कहा, 'चूंकि वे एक ताकतवर नेता हैं इसलिए उन्हें आजाद नहीं छोड़ा जा सकता।' चिदंबरम के वकील ने अदालत से उन्हें जेल न भेजने का तर्क दिया। चिदंरबम की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सीबीआइ का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई आरोप नहीं है कि उन्होंने जांच को प्रभावित करने या इसमें कोई बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया हो। उन्होंने कहा कि आइएनएक्स मीडिया से संबंधित धन शोधन मामले में चिदंरबम प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में जाने के लिए तैयार हैं। इस मामले में शीर्ष अदालत ने गुरुवार को ही उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिब्बल ने कहा, 'मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला है। कोई आरोप पत्र नहीं है। वे कहते हैं कि मैं ताकतवर व प्रभावशाली व्यक्ति हूं। लेकिन उनके पास कोई साक्ष्य नहीं है। साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ का भी कोई सबूत नहीं है। किसी गवाह ने क्या ऐसा कुछ भी कहा है?' महान्यायवादी ने सिब्बल के तर्क का विरोध करते हुए कहा कि वे जमानत के लिए जिरह कर रहे हैं। हालांकि, सिब्बल ने चिदंबरम की ओर से कहा, 'न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए आवेदन में जो तर्क दिया गया है उसका कोई आधार नहीं है। न्यायिक हिरासत में मेरे मुवक्किल की आपको क्या आवश्यकता है।' जब महान्यायवादी मेहता ने यह जानना चाहा कि सिब्बल किस राहत की मांग कर रहे हैं, तो सिब्बल ने कहा, 'मैं (चिदंबरम) अपनी रिहाई के लिए जिरह कर रहा हूं।' इस मामले में शीर्ष अदालत ने चिदंबरम की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के 20 अगस्त के फैसले को चुनौती दी थी।

एनआरसी संयोजक हजेला के खिलाफ दो मामले दर्ज

पेज 1 का बाकी

सभी दस्तावेज दिए थे लेकिन 'कर्मचारियों की अक्षमता और आपराधिक षड्यंत्र' के कारण एनआरसी की अद्यतन सूची में उनका नाम शामिल नहीं किया गया। प्राथमिकी में हजेला को 'विसंगतियों' के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है, क्योंकि असम में एनआरसी को अद्यतन किए जाने के काम की वह निगरानी कर रहे थे।

छात्र परिषद ने गुवाहाटी के लतासिल थाने में मंगलवार को राज्य के संयोजक के खिलाफ एक अन्य शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में अंतिम सूची में 'जानबूझकर' विसंगतियों का दावा किया गया। छात्र संगठन द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है, 'सूची में कई मूल निवासियों के नाम शामिल नहीं किए गए और यह एनआरसी के प्रदेश संयोजक ने जानबूझकर किया।'

नियंत्रण रेखा पर पाक ने भेजे दो हजार जवान

पेज 1 का बाकी

है। सीमापार और पीओके से मिल रही खबरों के मद्देनजर भारतीय सेना सतर्क है। घुसपैठियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। घुसपैठिए मारे जा रहे हैं और पकड़े भी जा रहे हैं। भारत की जवाबी कार्रवाई में अब तक पाकिस्तान के दस एसएसजी कमांडो मारे जा चुके हैं।

पाकिस्तान की ओर से किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए भारतीय सेना और वायुसेना भी पूरी तरह से तैयार है। भारत की खुफिया एजंसियां पाकिस्तान की हर हरकत पर नजर बनाए हुए हैं। सीमा पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। सेना, वायुसेना और नौसेना अपनी ताकत में लगातार इजाफा कर रही हैं। सेना के चिनार कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी है।

चांद पर उतरने के लिए 'विक्रम' हुआ तैयार

पेज 1 का बाकी

बा दुनिया का चौथा देश बना देगी। इसके साथ ही भारत अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय लिखते हुए चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में पहुंचने वाला विश्व का प्रथम देश बन जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्विज प्रतियोगिता के जरिए देशभर से चुने गए लगभग 60-70 हाईस्कूल छात्र-छात्राओं के साथ इस ऐतिहासिक लम्हे का सीधा नजारा देखने के लिए इसरो के बंगलुरु केंद्र में मौजूद रहेंगे।

लैंडर 'विक्रम' शनिवार रात एक से दो बजे के बीच चांद पर उतरने के लिए नीचे की ओर चलना शुरू करेगा और रात डेढ़ से ढाई बजे के बीच यह पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरेगा। 'विक्रम' अभी कक्षा में चंद्र सतह से इसके निकटतम बिंदु लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर है जहां से यह चांद की तरफ नीचे की ओर बढ़ना शुरू करेगा। इसरो ने कहा है कि 'चंद्रयान-2' अपने लैंडर को 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश में दो गड्ढों-'मैंजिनस सी' और 'सिंपेलियस एन' के बीच ऊंचे मैदानी इलाके में उतारने का प्रयास करेगा। अंतरिक्ष एजंसी के अध्यक्ष के. सिवन ने कहा कि प्रस्तावित 'सॉफ्ट लैंडिंग' दिलों की धड़कन थाम देने वाली साबित होने जा रही है क्योंकि इसरो ने ऐसा पहले कभी नहीं किया है। यान के चांद पर उतरने की प्रक्रिया को समझाते हुए सिवन ने कहा था कि एक बार जब लगभग 30 किलोमीटर की दूरी से संबंधित प्रक्रिया शुरू होगी तो इसे पूरा होने में 15 मिनट लगेंगे। लैंडर के चांद पर उतरने के बाद इसके भीतर से रोवर 'प्रज्ञान' बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस यानी के पृथ्वी के 14 दिनों की अवधि तक अपने वैज्ञानिक कार्यों को अंजाम देगा।

रोवर 27 किलोग्राम वजनी छह पहिया रोबोटिक वाहन है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है। इसका नाम 'प्रज्ञान' है जिसका मतलब 'बुद्धिमत्ता' से है। यह 'लैंडिंग' स्थल से 500 मीटर तक की दूरी तय कर सकता है और यह अपने परिचालन के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। यह लैंडर को जानकारी भेजेगा और लैंडर बंगलुरु के पास ब्यालालु स्थित इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क को जानकारी प्रसारित करेगा।

इसरो के अनुसार लैंडर में तीन वैज्ञानिक उपकरण लगे हैं जो चांद की सतह और उप सतह पर वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम देगा, जबकि रोवर के साथ दो वैज्ञानिक उपकरण हैं जो चांद की सतह से संबंधित समझ में मजबूती लाने का काम करेंगे। इसरो के अनुसार चांद का दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र बेहद रुचिकर है क्योंकि यह उत्तरी ध्रुव क्षेत्र के मुकाबले काफी बड़ा है और अंधकार में डूबा रहता है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और रूस का नया युग : मोदी

पेज 1 का बाकी

विकास के लिए भारत और रूस ने बुधवार को एक आशय-पत्र पर दस्तखत किए थे।

मोदी ने कहा, 'हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सुदूर पूर्व के विकास में भारत और रूस के बीच साझेदारी इसे एक खुला, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाएगी। मोदी ने कहा कि सुदूर पूर्व क्षेत

सूचकांक 80 अंक टूटा

महोबा जिले की चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सालट गांव में उर्स के दौरान हिंदुओं को कथित मांसाहारी बिरयानी परोसने के मामले में 43 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सालट गांव में 31 अगस्त को शेख पीर बाबा का उर्स आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत की 'शिकायत' के बाद पुलिस ने बुधवार को 43 लोगों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। राजपूत ने यहां पत्रकारों से कहा कि 'हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने के लिए जानबूझकर बिरयानी परोसी गई। इस मामले में कठोर कार्रवाई आवश्यक है।' पुलिस अधीक्षक स्वामी नाथ ने विधायक की बात से असहमित जताते हुए कहा कि यह बात सही नहीं है कि जानबूझकर हिंदुओं को मांसाहारी बिरयानी परोसी गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है।

APLAYA CREATIONS LIMITED

CIN : L17122DL1996PLC332121

Registered Office: Unit No. OPT-208, 2nd Floor, DLF Prime Towers, F-79-80,Okhla Industrial Area, Phase-1,New Delhi-110020 IN

Branch Office- Shop No.-3,Wing-B,Hanshwar Apt,sonwar Bazar, Bhandarwada Naka, Malad West,Mumbai-400064, Maharashtra, India

Email-info@aplayacreations.com, **Website:** www.aplayacreations.com

Phone : 011-41049222, **Mobile No.** +918376058996

NOTICE OF 36th ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given that the 36th Annual General Meeting of the members of the company will be held on Monday, September 30, 2019 at 10:30 a.m at Crown Plaza, Plot No. 1 Community Centre, Pocket A, Okhla Phase I, Okhla Industrial Area, New Delhi-110020 to transact the Business, as set out in the Notice of AGM.

The said Notice along with the Proxy Form, Attendance Slip, and Annual Report inter-alia containing Director's Report, Auditor's Report and Audited Financial Statement has been dispatched to all Members at their registered address or email ids on 5th September, 2019 and the same is also available on the website of the Company at www.aplayacreations.com and the Notice of the AGM is also available on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Adminstration) Rules, 2014, Members are provided with the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of the AGM using electronic voting system from a place other than the venue of the AGM ("remote e-voting"), provided by NSDL and the business may be transacted through such voting.

The remote e-voting period commences on 27th September, 2019 from 09:00 a.m (IST) and ends on 29th September, 2019 at 05.00 pm (IST). During this period, Members may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter.

The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid up equity share capital of the Company as on 23rd September, 2019 ("cut-off date"). Any person, who is a Member of the Company as on the cut-off date is eligible to cast vote on all resolutions set forth in the Notice of AGM using remote e-voting or voting at the AGM by poll.

A person who has acquired shares and become a member of the Company after dispatch of notice of AGM and holding shares as of cut-off date is eligible to cast vote on all resolutions set forth in the Notice of AGM using remote e-voting or voting at the AGM by Ballot paper. Such person may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if the person is already registered with NSDL for remote e-voting then the existing user ID and password can be used for casting vote

The facility for voting, on a Ballot paper shall be made available at the AGM and Members who have not already cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the AGM. The Members who have cast their vote by remote e-voting may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.

For any queries or issues regarding e-voting, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com under help section or write an e-mail to evoting@nsdl.co.in or contact on toll free number provided by NSDL 1800222080 or contact Mr. Nitin Ambure, Vice President National Securities Depository Limited Trade World – A Wing: Kamala Mills Compound Lower Parel, Mumbai - 400013. In case of grievances/difficulties, Members may also contact M/s. Skyline Financial Services Pvt. Ltd., the Registrar and Share Transfer Agents of the Company.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 23rd September, 2019 to 29th September, 2019 (both dates inclusive) for the purpose of Annual General Meeting of the Company for the Financial Year ended 31st March, 2019.

Persons entitled to attend and vote at the meeting, may vote in person or by proxy/through authorised representative, provided that all proxies in the prescribed form/authorisation duly signed by the person entitled to attend and vote at the meeting are deposited at the Registered Office of the Company, not later than 48 hours before the Meeting.

For Aplaya Creations Limited
Sd/-
Amit Madaan
Executive Director

Place: New Delhi
Date: 5th September, 2019

एलसीआरडी/डिवीजन/नई दिल्ली
द फेडरल टावर्स, ऊपरी भू तल, 2/2, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008,
फोन नं. 011–40733980, 40733978
ई–मेल: ndllcrd@federalbank.co.in

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER

एनडीएलडब्ल्यू/एसपीएल 903/2019 तिथि: 4.9.2019

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित सरफेसी अधिनियम, 2002 (यहां के बाद अधिनियम के रूप में वर्णित) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

1. श्री रजत शर्मा, पुत्र श्री अशोक शर्मा, निवासी 510ए, अरलिआस अपार्टमेन्ट, डीएलएफ गोल्फ लिंक्स, गैलरिया डीएलएफ IV, गुड़गाँव–122009

आप में 1 ने प्रधान ऋणधारक के रूप में बैंक के पक्ष में आवश्यक प्रतिभूति अनुबंधों/ ऋण दस्तावेजों को निष्पादित करने के बाद द फेडरल बैंक शिवालिक शाखा से क्रमशः 28.9.2017 को रु. 40,50,000/– (रुपए चालीस लाख पचास हजार मात्र) तथा 29.12.2017 को रु. 73,00,000/– (रुपए तिहत्तर लाख मात्र) का कार ऋण सुविधा प्राप्त की है। बैंक से प्राप्त उपरोक्त साख सुविधा की प्रतिभूति के लिए आप ने अधोलिखित संपत्तियों के संदर्भ में हाइपोथेकेशन द्वारा बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का निर्माण किया है:–

हाइपोथेकेटेड चल संपत्तियों का विवरण
1. ब्रैण्ड न्यू ऑडि ए 6 35 टीएफएसआई कार, कलर व्हाईट, पंजीकरण सं. HR26DH4056, चैसिस नं.– WAUZHG4G8HY000189, 5.10.2017 को परिवहन विभाग, गुरुग्राम उत्तर, हरियाणा में पंजीकृत।
2. ब्रैण्ड न्यू ऑडि क्यू 7 45 टीडीआई क्वैट्रो कार, कलर कैरारा व्हाईट, पंजीकरण सं. HR26DL0069, इंजिन नं. CVM016659, चैसिस नं.– WAUZKH4MXJY000178, 23.01.2018 को परिवहन विभाग, हरियाणा प्रधान कार्यालय चंडी., हरियाणा में पंजीकृत।

उपरोक्त हाइपोथेकेटेड संपत्तियां यहां के बाद ''प्रतिभूत परिसंपत्तियों'' के रूप में वर्णित हैं। फेडरल बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा आपको सूचित करते हैं कि बैंक के एनडीएल/ शिवालिक शाखा में आपकी ऋण खाता 16777400000589 के अंतर्गत 1.8.2019 को संयुक्त एवं पृथक रूप से रु. 64,14,670/– (रुपए चौंसठ लाख चौदह हजार छह सौ सत्तर मात्र) तथा आप की ऋण खाता 16777400000456 के अंतर्गत 1.8.2019 को संयुक्त एवं पृथक रूप से रु. 30,68,072/– (रुपए तीस लाख अड़सठ हजार बहत्तर मात्र) अर्थात कुल रु. 9484742/– की राशि आप पर संयुक्त तथा पृथक रूप से बकाया है। पुनर्भुगतान में आपकी चूक को देखते हुए भा.रि.बैं. के दिशा निर्देशों के अनुसार आपकी खाता/ओं को गैर–प्रचालन परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है।

एतद्द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर कार ऋण खाता 16777400000589 में 30.7.2019 से भुगतान की तिथि तक मासिक रेस्ट्स के साथ 8.77% की दर पर आगे के ब्याज तथा 2% प्रति वर्ष की दर से दंड ब्याज तथा तथा कार ऋण खाता 16777400000456 में 30.7.2019 से भुगतान की तिथि तक मासिक रेस्ट्स के साथ तिथि तक मासिक रेस्ट्स के साथ 8.34% की दर से आगे के ब्याज तथा 2% की दर से दंड ब्याज तथा लागतों के साथ उक्त राशि का भुगतान करें, अन्यथा, बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत आप तथा ऊपर वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्तियों के विरुद्ध पट्टा, एसाइनमेंट अथवा बिक्री द्वारा उसके अंतरण अथवा आपको आगे कोई सूचना दिए बिना बकाए की वसूली के लिए प्रतिभूत परिसंपत्तियों के प्रबंधन के अधिग्रहण के अधिकार सहित उसका अधिग्रहण करने जैसी सभी अधिकारों का प्रयोग किया जाएगा।

सूचित किया जाता है कि बैंक की लिखित अनुमति के बिना आप नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टा अथवा अन्य रूप से अंतरण नहीं कर सकते हैं। अपनी देयता को निष्पादित नहीं करने तथा बैंक द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई शुरू किए जाने की स्थिति में आप उसके आगे भी उस सिलसिले में वहन किए गए सभी लागत, चार्जेज तथा खर्चे का बैंक को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे। यदि प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री राशि से संपूर्ण देयता पूरी नहीं होती है तो आगे बिना किसी सूचना बैंक शेष राशि की वसूली के लिए व्यक्तिगत रूप से आपके विरुद्ध कार्रवाई करेगा। आपका ध्यान प्रतिभूति परिसम्पत्तियों (प्रतिभूत सम्पत्तियों) को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट किया जाता है।

यह सूचना बकाए की वसूली के लिए बैंक को उपलब्ध अन्य अधिकारों तथा उपचारों के प्रति पूर्वाग्रह–रहित है।

यह सूचना 3 अगस्त, 2019 को जारी की गई थी तथा वह आपको सर्व नहीं की जा सकी किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि आपने उसे प्राप्त नहीं किया जिस कारण से सरफेसी अधिनियम के अनुसार यह प्रकाशन आवश्यक हो गया है।

द फेडरल बैंक लि. के लिए

आज, दिनांक 4 सितंबर, 2019 को दी गई। नाम एवं पद नाम (प्राधिकृत अधिकारी)

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

बीओ: एआरएमबी, मयूर विहार फेज–II, पॉकेट ई, कॉमर्सियल शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110091 ईमेल: bo8075@pnb.co.in फोन: 011–22779758, 22782589

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड कंसोर्टियम की ओर से

जिसमें **आईडीबीआई बैंक लिमिटेड** (विडियोकॉन टावर, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली–110055), **पंजाब नेशनल बैंक** (एआरएमबी, मयूर विहार फेज–II, पॉकेट ई, कॉमर्सियल शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110091), **भारतीय स्टेट बैंक** (तनावग्रस्त परिसम्पत्ति प्रबंध शाखा–II, दिल्ली, तात्कालिक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (एसबीबीजे) एवं स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (एसबीएच), **एक्सिस बैंक लिमिटेड** (एक्सिस हाउस, टावर 1, 4 था तल, सेक्टर 128, नोएडा–201301), **विजया बैंक** (अब बैंक ऑफ बड़ौदा), कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखा–1, विजया बिल्डिंग, 17, भू तल, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001, **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** (आईएफबी) (एम–11, मिडिल सर्किल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001), ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (एम–1/2/3, मिडिल सिर्किल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001), **सिंडिकेट बैंक** (सी–18, शॉपिंग सेन्टर नं. 1, पश्चिम मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110017, **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रेस एन्क्लेव शाखा) (ई–11,12, प्रेस एन्क्लेव, नई दिल्ली–110017, **केनरा बैंक** (74, जनपथ, नई दिल्ली–110001), **इंडियन बैंक** (तनाव ग्रस्त परिसम्पत्ति प्रबंध वर्टिकल, ऊपरी भू तल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, दिल्ली–110001, **बैंक ऑफ बड़ौदा** (एमसीबी, 3 रा तल, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001, **बैंक ऑफ इंडिया** (एलसीबी, 10वां तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली–110001), **आन्ध्रा बैंक** (तनाव ग्रस्त प्रबंध शाखा वर्टिकल, बी–29, दूसरा तल, कनॉट प्लेस, ईनर सर्किल, नई दिल्ली–110001) शामिल है।

परिशिष्ट–IV

[नियम 8 (1) देखें]

कब्जा सूचना

(अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत कंसोर्टियम बैंकिंग व्यवस्था जिसमें **आईडीबीआई बैंक लिमिटेड** (विडियोकॉन टावर, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली–110055), **पंजाब नेशनल बैंक** (एआरएमबी, मयूर विहार फेज–II, पॉकेट ई, कॉमर्सियल शॉपिंग कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110091), **भारतीय स्टेट बैंक** (तनावग्रस्त परिसम्पत्ति प्रबंध शाखा–II, दिल्ली, तात्कालिक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (एसबीबीजे) एवं स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद (एसबीएच), **एक्सिस बैंक लिमिटेड** (एक्सिस हाउस, टावर 1, 4 था तल, सेक्टर 128, नोएडा–201301), **विजया बैंक** (अब बैंक ऑफ बड़ौदा), कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखा–1, विजया बिल्डिंग, 17, भू तल, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001, **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** (आईएफबी) (एम–11, मिडिल सर्किल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001), ऑरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (एम–1/2/3, मिडिल सिर्किल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001), **सिंडिकेट बैंक** (सी–18, शॉपिंग सेन्टर नं. 1, पश्चिम मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110017, **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रेस एन्क्लेव शाखा) (ई–11,12, प्रेस एन्क्लेव, नई दिल्ली–110017, **केनरा बैंक** (74, जनपथ, नई दिल्ली–110001), **इंडियन बैंक** (तनाव ग्रस्त परिसम्पत्ति प्रबंध वर्टिकल, ऊपरी भू तल, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, दिल्ली–110001, **बैंक ऑफ बड़ौदा** (एमसीबी, 3 रा तल, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001, **बैंक ऑफ इंडिया** (एलसीबी, 10वां तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली–110001), **आन्ध्रा बैंक** (तनाव ग्रस्त प्रबंध शाखा वर्टिकल, बी–29, दूसरा तल, कनॉट प्लेस, ईनर सर्किल, नई दिल्ली–110001) शामिल है के अंतर्गत सदस्य बैंक के रूप में पंजाब नेशनल बैंक (एआरएमबी, मयूर विहार फेज–II, पॉकेट ई, कॉमर्सियल शापिंग कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110091 के लिये तथा उसकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना जारी कर मै. शिल्पी केबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (प्रधान ऋणधारक कम्पनी, वर्तमान में मैक्वॉयर बैंक लिमिटेड बनाम शिल्पी केबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मामले में एनसीएलटी के आदेश तिथि 1.5.2019 के माध्यम से परिसमापन के अधीन); श्री मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व.श्री हरिशंकर गुप्ता (निदेशक–सह–ऋणधारक–मार्टगैजर); श्री मनीश गोयल, पुत्र श्री मुकेश कुमार गुप्ता (निदेशक–सह–गारन्टर); श्री विशाल गोयल, पुत्र श्री मुकेश कुमार गुप्ता (गारन्टर–सह–मार्टगैजर; मै. शिल्पी केबल प्राईवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट) गारन्टर–सह–मार्टगैजर, वर्तमान में बीडीआर बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लि. बनाम शिल्पी केबल प्राईवेट लिमिटेड के मामले में एनसीएलटी के आदेश तिथि 20.08.2019 के माध्यम से परिसमापन के अधीन); मै. शिल्पी कम्युनिकेशन प्राईवेट लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारन्टर) तथा मै. एमबीएम इम्पेक्स प्रा. लिमिटेड (कॉर्पोरेट गारन्टर) को धारा 13 (2)के अंतर्गत जारी सूचना में वर्णित राशि के साथ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर खर्चे, लागत एवं अन्य चार्जेज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

अधोलिखित कंसोर्टियम सदस्य बैंक के प्राधिकृत अधिकारियों ने उपरोक्त ऋणधारकों एवं गारन्टरों के लिये सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचनाएं जारी कर नीचे वर्णित राशि के भुगतान का निर्देश दिया था:

क्रम सं.	बैंक का नाम	मांग सूचना तिथि	बकाया राशि (रुपए में)	अधोलिखित तिति से बकाया आगे का ब्याज दर
1.	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	15.12.2017	रु. 225,80,17,020.43 (रुपए दो सौ पच्चीस करोड़ अस्सी लाख सत्तरह हजार बीस एवं पैसे तैंतालिस मात्र, 1.12.2017 को	2.12.2017 से अनुबंधित दर पर ब्याज तथा उस पर अन्य चार्जेज, अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज
2.	पंजाब नेशनल बैंक	2.1.2018	रु. 1286532953.00 (रुपए एक सौ अट्ठाईस करोड़ पैंसठ लाख बत्तीस हजार नौ सौ तिड़ेपन मात्र), 31.12.2017 को	1.1.2018 से अनुबंधित दर पर ब्याज तथा उस पर अन्य चार्जेज, अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज
3.	भारतीय स्टेट बैंक	28.11.2018	रु. 2200433920.00 (रुपए दो सौ बीस करोड़ चार लाख तैंतीस हजार नौ सौ बीस मात्र) 30.09.2018 को	1.10.2018 से अनुबंधित दर पर ब्याज तथा उस पर अन्य चार्जेज, अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज
4.	एक्सिस बैंक लिमिटेड	15.11.2018	रु. 282295525.65 (रुपए अट्ठाईस करोड़ बाईस

नवरात्रि से दिल्ली-लखनऊ के बीच दौड़ेगी तेजस ट्रेन

आइआरसीटीसी करेगा संचालित, मंत्रालय को भेजा गया मसौदा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 सितंबर।

नवरात्रि से दिल्ली-लखनऊ के बीच तेजस ट्रेन चलाई जाएगी। रेल मंत्रालय ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस ट्रेन का संचालन आइआरसीटीसी को सौंपा है। ट्रेन चलाने के लिए एक मसौदा रेल मंत्रालय को भेजा गया है। संभावना है कि पहली तेजस ट्रेन 4 अक्तूबर को दिल्ली से रवाना होगी। ट्रेन को मंगलवार छोड़कर बाकि 6 दिन चलाया जाएगा। हालांकि अन्य दो रूट पर अब तक रेल मंत्रालय ने कोई आखिरी फैसला नहीं लिया है।

रेल मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक दिल्ली-लखनऊ और मुम्बई-अमदाबाद के बीच दो ट्रेन चलाने के लिए आइआरसीटीसी को दी गई हैं। आइआरसीटीसी तीन साल तक इन ट्रेन का संचालन करेगा। बताया जा रहा है कि नए रूट के किराए को हवाई किराये से कम रखा जाएगा जबकि इसी रूट पर चलने वाली शताब्दी जैसी ट्रेन से इस ट्रेन का किराया अधिक होगा।

ट्रेन का किराया अधिक होने की वजह से इसमें किसी प्रकार की छूट या पास सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। इसके लिए रेल मंत्रालय की तकनीकी एजंसी बुकिंग का सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है।

इस खबर को जनसत्ता ने 21 अगस्त को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। दरअसल भारतीय रेलवे ने 100 दिन के मसविदे में निजी क्षेत्र के तहत ट्रेन संचालन की योजना की घोषणा की थी।

इसी पहल के तहत आइआरसीटीसी इन दो ट्रेन का संचालन अपने हाथ में ले रहा है। इसके लिए आइआरसीटीसी रेल मंत्रालय को हॉलेज चार्ज देगी जबकि ट्रेन से होने वाली आय उसकी होगी। अब तक आइआरसीटीसी केवल टूरिस्ट व स्पेशल ट्रेन का ही संचालन कर रहा है।

देश में निर्मित है तेजस

तेजस ट्रेन को भारत में ही निर्मित किया गया है। यह ट्रेन अधिकतम 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है। इसका निर्माण रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला में हुआ है। यह 20 डिब्बों की ट्रेन हैं और इसमें सभी डिब्बों में स्वचालित दरवाजे हैं।

ये भी हैं सुविधाएं

- **हर डिब्बे में चाय-कॉफी वेंडिग मशीन लगी है**
- **प्रत्येक सीट पर एलईसी स्क्रीन लगी है**
- **वाई-फाई की सुविधा से लैस है**
- **ट्रेन में बायो वैक्यूम शौचालय लगाए गए हैं**
- **टचलेस पानी नल, साबुन डिस्पेंसर व हाथ सुखाने की मशीन भी लगाई गई है**

74 साल में मां बनी महिला, जुड़वां बच्चियों को दिया जन्म

पचास सालों से कर रही थी मां बनने का इंतजार

अमरावती (आंध्रप्रदेश), 5 सितंबर (भाषा)।

मां बनने का पिछले पांच दशक से इंतजार कर रही आंध्र प्रदेश की 74 वर्षीय एक महिला का सपना अंततः पूरा हुआ और उसने गुरुवार को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया।

डॉक्टरों का मानना है कि यह नया विश्व रेकॉर्ड हो सकता है।

गिनीज विश्व रेकॉर्ड के मुताबिक पिछला रेकॉर्ड 2006 में 66 वर्षीय स्पेन की एक महिला के नाम था। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के द्रक्षाराम की ई मंगयम्मा ने गुंटुर के निजी अस्पताल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आइवीएफ) के जरिए दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सनककयला अरुणा ने कहा कि मां और दोनों नवजात बच्चियां सुरक्षित एवं स्थिर हैं। सनककयला अरुणा की ही देखरेख में सी-सेक्शन किया गया। मंगयम्मा की 1962 में ई राजा राव से शादी हुई थी और इतने सालों में उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन जब उनके एक पड़ोसी ने आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन के जरिए 55 की उम्र में एक बच्चे को जन्म दिया, तो उनकी उम्मीद फिर से जागी और उन्होंने आइवीएफ आजमाया।

उन्होंने पिछले साल नवंबर में डॉ अरुणा का रुख किया, जो पूर्व में 1999 से 2004 के बीच चंद्रबाबू नायडू कैबिनेट में स्वास्थ्य मंत्री रहीं। मंगयम्मा आइवीएफ प्रक्रिया से गुजरी और इस साल जनवरी में गर्भधारण किया।

फार्म नं. आईएनसी-26
(कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय संचालक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले में
और
टैग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U22100DL2008PTC186052)
जिसका पंजीकृत कार्यालय फ्लैट नं. 147, विद्युत कॉम्प्लेक्स, ईश्वर नगर, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110065 में है, के मामले में
.....आवेदक कंपनी/ याचिकाकर्ता
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के स्थानांतरण में परिवर्तन लाने हेतु कृपया कम्पनी के सदस्यों की असाधारण प्रस्ताव पारित करने का उद्देश्य विषय है, एवं विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी की स्थापना करने हेतु 05 जुलाई, 2019 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली' से 'हरियाणा राज्य' में बदलने हेतु पारित किया गया।
अतः किसी व्यक्ति का जिस कम्पनी के इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण में स्वार्थ हो, वो वे अपना आपत्ति हेतु हलफनामा में उल्लेख करते हुए, जिसमें उसके हित/ विरोध के आधार हों, एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक निवेशक फार्म दर्ज कर या प्रपत्र निवेशक, उत्तरी क्षेत्र, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरा तल, सर्वोदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली -110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय 147, विद्युत कॉम्प्लेक्स, ईश्वर नगर, मथुरा रोड, नई दिल्ली -110065 पर इस सूचना के प्रकाशन के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेजना चाहिए।
कृते टैग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
दिनांक: 05 सितम्बर, 2019 (सुनीता माहेश्वरी) (निदेशक)
स्थान: नई दिल्ली डीआईएन: 07950127

पीव्हीसी मार्केटिंग अंड प्रोमपार्ट प्रायव्हेट लिमिटेड
सीआयएनः यू74999डीएल2011पीटीसी
नोंदणीकृत कार्यालयः जी-16, हंस भवन, बहादूर शहा झफर मार्ग, नवी दिल्ली-110002
ई-मेल .....
सूचना (रिवाईज्ड)
अर्ज क्र. आयएनसी 26
[कंपनीज (इनकॉपोरेशन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुरूप]
केंद्र सरकार
क्षेत्रीय संचालक, उत्तरी क्षेत्र क्षेत्र, नई दिल्ली इनके सम्मुख
कंपनी कायदा, 2013, कंपनी कायदा 2013 के अनुच्छेद 13 (4) और कंपनीज (इनकॉपोरेशन) नियमावली 2014 के नियम 30 (5) (ए) के बारे में
और
पीव्हीसी मार्केटिंग अंड प्रोमपार्ट प्रायव्हेट लिमिटेड
के बारे में
जिनका पंजीकृत कार्यालय जी-16, हंस भवन, बहादूर शहा झफर मार्ग, नवी दिल्ली-110002, नई दिल्ली के यहां स्थित है - आवेदक/ याचिकादाता
सभी जनता को इस के जरिये सूचना दी जा रही है कि कंपनी का पंजीकृत कार्यालय ''एनसीटी दिल्ली'' से ''हरयाणा राज्य'' में स्थालांतरीत करने लिये कंपनी के मेमोरँडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधित करने के लिये 01 एप्रिल 2019 के दिन सम्पन्न हुए एक्स्ट्रा ओर्डीनरी जनरल मीटिंग में व्यतीत किये गये विशेष प्रस्ताव को केंद्र सरकार से अनुमती प्राप्त करने के लिये कंपनी कायदा, 2013 के अनुच्छेद 13 के अंतर्गत आवेदन पत्र देने का कंपनी विचार कर रही है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित बदलाव के कारण किसी भी व्यक्ती जिनके किसी भी स्वारस्य को बाधा होने की स्थिती में वह उसे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक आवेदन को भर के तथा उनके/ उसके आपत्ती का स्वरूप शपथ पत्र में बयान कर-के उनके/ उसके आपत्ती और विरोध के कारणों के साथ क्षेत्रीय संचालक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2रा माला, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 इनके पास प्रस्तुत सूचना के जारी होने के दिन से चौदह दिन के भीतर संपर्क करे और उस की एक प्रत आवेदक कंपनी के उपर्युक्त किये गये पंजीकृत कार्यालयः जी-16, हंस भवन, बहादूर शहा झफर मार्ग, नवी दिल्ली-110002
आवेदक के लिये और उनके ओर से
पीव्हीसी मार्केटिंग अंड प्रोमपार्ट प्रायव्हेट लिमिटेड
सही./-
जयंत जी. विमावाला
संचालक
(डीआयएन- 07191514)

ROSHANARA CLUB LTD.
Roshanara Garden, New Delhi 110007
NOTICE OF 98th ANNUAL GENERAL MEETING
Notice is hereby given that 98th (Ninety Eight) Annual General Meeting of Roshanara Club Limited (CIN - U91990DL1907PLC000098) shall be held at the Registered Office of the Company at Roshanara Garden, Delhi - 110007 on Saturday, the 28th September, 2019 at 2.00 P.M. to transact the following business:
ORDINARY BUSINESS
1. To receive, consider and adopt the Report of the Managing Committee, Audited Balance Sheet for the year ended 31st March 2019 and the Audited Income & Expenditure Account as on that date along with the Auditors' Report thereon.
2. To appoint Statutory Auditors - M/s Khanna & Annadhanam, Chartered Accountants (Firm's Registration No. 001297N) from financial year 2019-2020 for next five years and pursuant to section 139 of the Companies Act 2013 & to authorize the Board of Directors to fix their remuneration.
3. To consider and if thought fit, to pass with or without modification(s), the following resolution as an ordinary resolution:
RESOLVED THAT pursuant to the provisions of Section 139, 142 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 read with Companies (Audit & Auditors) Rules 2014 (including statutory modification or reenactments thereof for the time being in force) appointment of M/s D.G. & Co., Chartered Accountants (Firm's Registration No 007714N) (who was appointed as statutory Auditors at 93rd AGM for Five years till the conclusion of 98th Annual General Meeting), as Statutory Auditors be and is hereby ratified and approved for financial year 2018-19, from the conclusion of this 98th Annual General Meeting till the conclusion of next 98th Annual General Meeting, on such remuneration plus service tax, out of pocket, travelling and living expenses, etc., as may be mutually agreed between the Board of Directors of the Company and the Auditors.
4. To elect and appoint all Fifteen Directors in place of all the existing Directors of the Company, as all retire by rotation in terms of section 152(6) and 160 of the Companies Act 2013, as amended, and the Article 43 and 44 of the Articles of Association of the Company, through ballot process as prescribed in Articles of Association.
For Roshanara Club Limited
(Subhash Nakhat)
Director & Hon Gen Secretary
(DIN – 00454225)
Place: New Delhi
Dated: 04 September 2019
B-63, Gujranwala Town, Part-I Delhi 110009

प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में गिरावट, फसलों में पानी खपत कम करने पर हो जोर : महापात्र

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक पानी उपलब्धता 2025 तक घट कर 1,465 घन मीटर रह जाने का अनुमान है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए पानी की खपत कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाने और फसलों के विविधीकरण पर जोर दिया।

आइसीएआर ने यह भी घोषणा की कि वह भारत के लिए फसल योजना के संबंध में सुझाव देने के मकसद से एक तंत्र विकसित करने की ओर ध्यान दे रहा है, जिसके तहत किसानों को यह सुझाव दिया जायेगा कि किस क्षेत्र में किस फसल को उगाया जाए।

कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के महानिदेशक टी. महापात्र ने बताया कि प्रति व्यक्ति सालाना जल उपलब्धता 1951 में 5,177 घन मीटर थी जो वर्ष 2014 में घट कर 1,508 क्यूबिक मीटर रह गई है।

उन्होंने चेताया, 'पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 2025 तक 1,465 घन मीटर और 2050 तक 1,235 घन मीटर तक घटने जाने का अनुमान है। यदि यह और घट कर 1,000-1,100 क्यूबिक मीटर के आसपास रह जाती है, तो भारत को जल संकट वाला देश घोषित किया जा सकता है।' महापात्र ने आशंका जाहिर की कि ऐसी स्थिति में पानी को लेकर राज्यों के भीतर और अलग-अलग राज्यों के बीच लड़ाई बढ़ सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल बुवाई रकबे की कुल 14 करोड़ हेक्टेयर भूमि में से केवल 48.8 प्रतिशत रकबे को ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध है और बाकी बारिश पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि कुल छह करोड़ 83 लाख हेक्टेयर सिचित क्षेत्र में से लगभग 60 फीसद भूजल से सिचित होते है।

महापात्र ने कहा, 'कृषि क्षेत्र में पानी की खपत को कम करने की आवश्यकता है। हम कम पानी में भी अधिक उत्पादन कर सकते हैं। प्रधान मंत्री ने प्रति बूंद और अधिक फसल का आह्वान किया है।' महापात्र ने कहा कि इससे किसी जिले में कितने रकबे में कौन सी फसल उगाई जाए, इस बारे में सिफारिश करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की फसल योजना को लेकर सामने आने में लगभग एक साल लगेगा। पानी की कमी को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए, महापात्र ने कहा कि आइसीएआर ने एक जुलाई से 15 अक्तूबर तक अपने खेतों में पानी के सही उपयोग के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। महापात्र ने कहा कि अत्यधिक सिंचाई से पानी और ऊर्जा दोनों की बर्बादी होती है और इससे उर्वरकों की क्षमता भी कम हो जाती है। फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'फसलों में बदलाव की आवश्यकता है। यदि कम पानी है, तो उन फसलों की खेती की जानी चाहिए जो कम पानी सोखते हैं।'

बिजली सुधारों में उपभोक्ताओं को ज्यादा अधिकार : आरके सिंह

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

सरकार बिजली क्षेत्र में दूसरे चरण के सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने पर काम कर रही है। इसमें अन्य बातों के अलावा उपभोक्ताओं को सशक्त बनाया जा रहा है। इसके तहत ग्राहकों को 24 घंटे बिजली नहीं मिलने और स्थानीय समस्याओं को निर्धारित समय पर दूर नहीं किए जाने की स्थिति में वितरण कंपनियों को जुर्माना भरना होगा।

बिजली मंत्री आरके सिंह ने विशेष बातचीत में कहा, 'हम बिजली क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के तहत उपभोक्ताओं को अधिकार दे रहे हैं और यह पहली बार हो रहा है। बिजली देना एक सेवा है और उसके कुछ मानदंड है। ग्राहकों को 24 घंटे बिजली नहीं मिलने पर वितरण कंपनियों को उन्हें जुर्माना भरना होगा। इतना ही नहीं, ट्रांसफॉर्मर या किसी अन्य स्थानीय गड़बड़ी के निर्धारित समयसीमा में ठीक नहीं होने पर भी वितरण कंपनियों को ग्राहकों को जुर्माना देना पड़ेगा।'

उन्होंने कहा कि ये सब नई प्रशुल्क नीति में प्रावधान किए जा रहे हैं। यह फिलहाल मंत्रिमंडल के पास है जिसे जल्दी ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। बिजली दरों को वाजिब स्तर पर बनाए रखने के लिए क्रास सब्सिडी (एक की लागत पर दूसरे को सब्सिडी) व्यवस्था पर लगाम लगाने और सब्सिडी का लाभ सीधे ग्राहकों को देने जैसे उपाय किए जा रहे हैं। सेवा गुणवत्ता का निर्धारण केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग और राज्य विद्युत नियामक आयोग मिलकर करेंगे। जुर्माने की राशि का निर्धारण राज्य विद्युत नियामक करेंगे।

राजग सरकार का पहला कार्यकाल हर गांव और हर घर बिजली उपलब्ध कराने के लिए सुर्खियों में रहा है। बिजली मंत्रालय इस बार क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सुधार लाने के लिए कदम उठा रहा है। इसमें नई शुल्क नीति के साथ बिजली वितरण कंपनियों को पटरी पर लाने की उदय योजना में सुधार करना भी शामिल हैं। विशेषज्ञ इसे दूसरे चरण का सुधार कह रहे हैं। बिजली दरों से जुड़े सवाल के जवाब में सिंह ने कहा, 'हमने बिजली शुल्क को युक्तिसंगत बनाने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत यह व्यवस्था की गई है कि जो सबसे कुशल बिजलीघर हैं और जहां अपेक्षाकृत बिजली की उत्पादन लागत कम है और जहां अतिरिक्त बिजली उपलब्ध है, कंपनियां वहां से पहले बिजली की आपूर्ति करेंगी। इसे बिजली खरीद समझौते (पीपीए) में शामिल किया गया है।'

धनशोधन मामले में जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व खजांची गिरफ्तार

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के (जेकेसीए) के पूर्व खजांची एहसान अहमद मिर्जा को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि जेकेसीए के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला के कथित करीबी मिर्जा को बीती रात धन शोधन निषेध कानून के तहत गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय एजंसी ने इस मामले में जुलाई में फारुक अब्दुल्ला से चंडीगढ़ में पूछताछ की थी।अधिकारियों का कहना है कि मिर्जा को जेकेसीए के वित्तीय लेनेदेन की पूरी जानकारी होने के बावजूद वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि जांच में कई वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें मिर्जा की संलिप्तता थी, लेकिन वह किसी का भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सीबीआइ की एक प्राथमिकी और आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन का मामला दर्ज किया। फारूक अब्दुल्ला तथा तीन अन्य के खिलाफ 43 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी के आरोप में पिछले साल जुलाई में आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

BHARAT EKANSH LIMITED
CIN: L74899DL1985PLC020973,
Regd. Off.: H No.116, F/F, Village Kotla, Mayur Vihar Phase-I, Near Hukum Singh Dairy, Delhi-110091
Ph. No.: 9350777336-36, Website-www.bharatekansh.com, E-mail: bharat.ekansh.ltd@gmail.com
Extract of Un-audited Financial Results for the Quarter Ended 30th June, 2019 (in Rs)

Sr. No	Particulars	Quarter ended (30-06-2019) (Un-audited)	Year to date figures for the period ended (31-03-2019) (Audited)	Quarter ended (30-06-2018) (Un-audited)
1	Total income from operations	500,000.00	480,000.00	60,000.00
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	126,253.00	15,278.50	47,871.50
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	126,253.00	15,278.50	47,871.50
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	126,253.00	495.50	47,871.50
5	Total Comprehensive Income for the Period (Comprising Profit/(loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)) (Refer Note No. 2)	126,253.00	495.50	47,871.50
6	Equity share capital (Face Value of Rs. 10/- each)	8,269,210.00	8,269,210.00	8,269,210.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year)	2,011,416.07	2,485,163.07	2,510,157.07
8	Earnings Per Share Face Value of Rs. 10 each(not annualised) Basic (Rs.)	0.153	0.001	0.058
	Diluted (Rs.)	0.153	0.001	0.058

Notes: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Un-audited Financial Results for the Quarter and Three Months Ended 30th June, 2019, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
For Bharat Ekansh Limited
Sd/-
Mukesh Kumar Sharma
(CFO)
Place: Delhi
Date: 05.09.2019

अखबार हाकर की हत्या से तनाव

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 5 सितंबर।

जयपुर के खो नागोरियान इलाके में एक अखबार के हाकर मन्नू लाल वैष्णव की हत्या के बाद इलाके में तनाव फैल गया। आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग कर रही भीड़ पर पुलिस ने लाठियां बरसाई। इसमें भाजपा के पूर्व विधायक कैलाश वर्मा भी घायल हो गए। इसके बाद लोगों ने रास्ता जाम कर दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने हत्या के आरोप में रफीक नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। शहर के खो नागोरियान इलाके की मदीना कालोनी में अखबार बांटने वाले हाकर मन्नू लाल ने रफीक नाम के युवक से अखबार का पैसा मांगा था। इसपर ही उसने गुस्से में मन्नू पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।

Brahmaputra Infrastructure Limited
Regd. Off.: Brahmaputra House, A-7, Mahipalpur (NH-8 Crossing), New Delhi-110 037
No. 011-42290200, CIN : L55204DL1998PLC095933, Email: cs@brahmaputragroup.com
UN - AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE PERIOD ENDED 30th JUNE 2019
Part - I (Figures - ₹ in lakhs)-Excepts EPS

Sl. No.	Standalone unaudited Financial Results for the Quarter Ended 30th June 2019 — Particulars	Un-audited: Quarter ended 30/6/2019	31/3/2019	30/6/2018	Audited: Year Ended 31/3/2019
1	Income From Operations				
	a) Net Sales / Income from Operations (Net of Excise Duty)	4,528.98	6,778.74	4,994.09	23,743.01
	b) Other Operating Income	206.31	246.73	183.87	664.11
2	Total Income from operations (net)	4,735.28	7,025.47	5,177.96	24,407.12
3	Total Expenses	5,006.93	8,292.06	5,022.90	25,331.53
4	Profit/(Loss) before exceptional items and tax (1-2)	(271.63)	(1,266.58)	155.07	(924.41)
5	Exceptional Items - Expenditure / (Income)	(0.05)	(439.73)	(474.67)	(933.46)
6	Profit/(Loss) before tax (3-4)	(271.58)	(826.85)	629.74	9.05
7	Total Comprehensive Income/ (Loss) for the period	(271.75)	(779.79)	629.61	55.67
8	Paid-up equity share capital (Face Value of Rs. 10/- each)	2,901.84	2,901.84	2,901.84	2,901.84
9	Reserves excluding Revaluation Reserves as per Balance Sheet of previous accounting year				13,626.40
10	Earning Per Share (before extraordinary items) of Rs. 10/- each (Not annualised*)				
	(a) Basic	(0.94)	(2.69)	2.17	0.19
	(b) Diluted	(0.94)	(2.69)	2.17	0.19

This is an extract of un-audited financial results of 30th June 2019, in detail results are available on the BSE Corporate announcement Portal and on the Company Website.
For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
Sanjay Kumar Mozika
Joint Managing Director
Din : 00004508
Place : New Delhi
Date : 4.09.2019

प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक
(प्रवर्तक: पंजाब नैशनल बैंक)
प्रधान कार्यालय: रामनगर विहार, मुरादाबाद
E-Mail : mngzb@prathamaupbank.com
क्षेत्रीय कार्यालय : 18 संजय नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, गाजियाबाद (उ०प्र०)
फोन-0120-2783277, 0120-2783066 फैक्स नं०- 0120-2783333
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)
सिक्योरिटाइजेशन एवं रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अधीन तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल 2002 के साथ पढ़ते हुए, अनुलग्नक 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक (पूर्वगामी सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक, भारत सरकार राजपत्र अधिसूचना दि. 29.02.19 के अनुसार दि. 01.04.2019 से प्रथमा बैंक के साथ समामेलन किया गया है) के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित ऋणियों के नाम के सामने दर्शाए गए खातों के बंधक ऋणों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था।
ऋणियों द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणियों और जन-सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी जिनका पंजीकरण नीचे दिया गया है ने खातों के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति/ सम्पत्तियों का Symbolic कब्जा ले लिया है।
ऋणियों को विशेष रूप से एवं जन सामान्य को सामान्य रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी प्रकार का लेन देन ना करें। इन सम्पत्तियों से किसी प्रकार का लेन देन प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के भार के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

क्र.सं.	शाखा का नाम	खाता का नाम	ऋणी / गारन्टर का नाम	बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तारीख	प्रवर्तन नियमावली गये नोटिस की तारीख	बकाया राशि
1.	इन्दिरापुरम (गाजियाबाद)	9134NC00 002215	ऋणी: श्रीमती पिंकी सिंह पत्नी श्री ओम प्रकाश गारन्टर: श्री जाहिद खान पुत्र श्री शाकिर खान	फ्लैट नं0 485-C, न्याय खण्ड 48, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद । जिसका क्षेत्रफल 20.14 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 26098 पृष्ठ सं0 187-228 क्र0 सं0 49202 दिनांक 30.12.2013 पर दर्ज है	04.05.19/ 22.05.19	31.08.19	Rs. 1001312/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
2.	इन्दिरापुरम (गाजियाबाद)	9134NC00 003171	ऋणी: श्री विकास कुमार सिंह पुत्र श्री जयप्रकाश सिंह सहऋणी: श्री सोनू पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद गारन्टर: श्री शरद कुमार पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह व श्री रामगोपाल पुत्र श्री बिहारी सिंह	फ्लैट नं0 335/336-B, न्याय खण्ड-II, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद । (फ्लैट नं. 336-B) क्षेत्रफल 20.14 वर्ग मीटर व प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 31943 पृष्ठ सं0 147-208 क्र0 सं0 12342 दिनांक 11.07.2016 पर दर्ज है । (फ्लैट नं. 336-B) क्षेत्रफल 20.14 वर्ग मीटर व प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 31943 पृष्ठ सं0 209-450 क्र0 सं0 12346 दिनांक 12.07.2016 पर दर्ज है ।	22.05.19	05.09.19	Rs. 2608730/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
3.	सिवाया (बुलन्दशहर)	9100NC00 004831	ऋणी: श्री सुमित त्यागी पुत्र श्री पुनीत कुमार गारन्टर: श्री अमित कुमार त्यागी पुत्र श्री सतीश कुमार व श्री महावीर सिंह पुत्र श्री बुद्धप्रकाश	आवासीय मकान पत्नी डॉक्टर, सिवाया, बुलन्दशहर । जिसका क्षेत्रफल 235.20 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक सियाना, बुलन्दशहर के बही सं0 1, जिल्द सं0 2076 पृष्ठ सं0 399-426 क्र0 सं0 9752 दिनांक 24.09.2012 पर दर्ज है ।	28.05.19/ 22.05.19	30.08.19	Rs. 3010040/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
4.	रेलवे रोड (मेरठ)	9155NC00 004041 & 91550300 003292	ऋणी: श्री हरीओम शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मदत्त शर्मा गारन्टर: श्रीमती आयुषी पत्नी श्री सोनू	सं0 सं0 2C-576 & 2C-577, स्कीम सं0 10, सै0 3, मध्यपुरम, मेरठ । जिसका क्षेत्रफल 69.14 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय मेरठ के बही सं0 1, जिल्द सं0 12338 पृष्ठ सं0 1-44 क्र0 सं0 7344 दिनांक 29.08.2017 पर दर्ज है	04.05.19/ 22.05.19/ 22.05.19	03.09.19	Rs. 2652854/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
5.	राजनगर (गाजियाबाद)	9128NC00 031821	ऋणी: श्रीमती बबीता अग्रवाल पत्नी श्री नीरज अग्रवाल सहऋणी: श्री नीरज अग्रवाल पुत्र श्री राजकुमार अग्रवाल गारन्टर: श्री अमित अग्रवाल पुत्र श्री ब्रजमोहन	आवासीय मकान सं0 E-120, गन्ध ग्राम, गाजियाबाद। जिसका क्षेत्रफल 26.87 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 4852 पृष्ठ सं0 25-76 क्र0 सं0 4591 दिनांक 26.05.2008 पर दर्ज है	10.05.19	31.08.19	Rs. 722679/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
6.	राजनगर (गाजियाबाद)	9128NC00 033905	ऋणी: श्री अंकुर पुत्र श्री अरविन्द गारन्टर: श्री विपिन कुमार पुत्र श्री गंगा प्रसाद	आवासीय भवन D-327, गन्ध ग्राम, गन्ध विहार, गाजियाबाद । जिसका क्षेत्रफल 26.87 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक तृतीय गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 10678 पृष्ठ सं0 153-224 क्र0 सं0 9508 दि0 17.11.2014 पर दर्ज है ।	01.06.19	31.08.19	Rs. 948105/- + ब्याज + अन्य खर्चे - वसूली तारीख तक
7.	राजनगर (गाजियाबाद)	9128NC00 033306	ऋणी: श्रीमती वीना शर्मा पत्नी श्री जयप्रकाश शर्मा सहऋणी: श्री जयप्रकाश शर्मा पुत्र श्री त्रिलोकचन्द शर्मा गारन्टर: श्री विकास शर्मा पुत्र श्री जयप्रकाश शर्मा व श्री राजीव मल्होत्रा पुत्र श्री मनोहर मल्होत्रा	आवासीय भवन सं0 C-440, स्कीम-C, द्वितीय तल, स्वर्णजयन्तीपुरम, गाजियाबाद । जिसका क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर है । उक्त प्रोपर्

खबर कोना

एफआइबीए विश्व कप में जर्मनी और जोर्डन के बीच मुकाबले के दौरान गेंद बास्केट में डालने का प्रयास करता खिलाड़ी।

भारत दौरे से पहले रणनीति बनाने में जुटे एनक्वे

जोहानिसबर्ग, 5 सितंबर (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के हाल में नियुक्त अंतरिम टीम निदेशक इनोक एनक्वे ने कहा कि वह अगले हफ्ते शुरू हो रहे भारत दौरे पर सर्वश्रेष्ठ रणनीति तैयार करने में जी-जान से जुटे हैं। विश्व कप में कोच ओटिस गिब्सन के साथ निराशाजनक अभियान के बाद एनक्वे को नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में 15 सितंबर से टी-20 शृंखला के साथ शुरू हो रहे दौरे से पहले काफी काम किया जा चुका है। गुरुवार को टीम की रवानगी से पहले उन्होंने कहा कि भारत में सर्वश्रेष्ठ रणनीति क्या रहेगी, इसे ढूंढने के लिए काफी कुछ हो रहा है।

दक्षिण अफ्रीका टी-20 टीम में स्मट्स की जगह लेंगे लिंडे

जोहानिसबर्ग, 5 सितंबर (भाषा)।

भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका ने आलराउंडर जॉन ट्रेवर स्मट्स की जगह बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे को शामिल किया। लिंडे इस समय भारत 'ए' के खिलाफ अनधिकृत वनडे शृंखला खेलने के लिए भारत में ही हैं।

सेमी फाइनल में नडाल और बेरेटिनी की होगी भिड़ंत

न्यूयार्क, 5 सितंबर (एएफपी)।

स्पेनिश स्टार रफेल नडाल अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-4, 7-5, 6-2 से शिकस्त देकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में पहुंचे। अब उनका सामना इटली के माटियो बेरेटिनी से होगा। दूसरे वरीय और न्यूयार्क में तीन बार के चैंपियन नडाल ने पांच फुट सात इंच के श्वार्ट्जमैन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह अब 19वें ग्रैंडस्लैम खिताब की कोशिश में फाइनल में जगह बनाने के लिए 24वें वरीय बेरेटिनी से भिड़ेंगे। बेरेटिनी ने फ्रांस के 13वें वरीय गेल मोंफिल्स को तीन घंटे 57 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 3-6, 6-3, 6-2, 3-6, 7-6 से शिकस्त दी।

रफेल नडाल

नडाल इस तरह 33वें ग्रैंडस्लैम सेमी फाइनल में पहुंचे। इससे वह इतिहास में अंतिम चार में पहुंचने वाले खिलाड़ियों में रोजर फेडरर (45) और नोवाक जोकोविच (36) के बाद तीसरे नंबर पर हैं। वह न्यूयार्क में आठवीं बार सेमी फाइनल में पहुंचे। अमेरिकी ओपन में दो बार क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके श्वार्ट्जमैन पर लगातार आठवीं जीत दर्ज करने में नडाल को तीन घंटे लगे और यह मुकाबला गुरुवार तड़के तक चला। नडाल को तीसरे सेट में बांह के लिए उपचार लेना पड़ा लेकिन उन्होंने किसी भी तरह की चोट से इनकार किया। पिछले साल सेमी फाइनल में जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के खिलाफ घुटने की चोट के कारण उन्हें रिटायर होना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। आज काफी उमस थी। मुझे कुछ जकड़न हुई और इसका मैंने कुछ उपचार किया। बस इतना ही। नडाल ने कहा कि मुझे लगता है, मैं ठीक हूं। कोई बड़ी समस्या नहीं है। अभी थोड़ा थका हूं, लंबा मैच रहा। अब सोऊंगा। लेकिन मुझे सही में लगता है कि मैं फिट हूं।

रोम के 23 साल के खिलाड़ी बेरेटिनी बुधवार को 42 साल में सेमी फाइनल में पहुंचने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 1977 में इटली के कोराडो बाराजुट्टी अंतिम चार में पहुंचे थे। बेरेटिनी ने रोमांचक मैच के बाद कहा कि यह बढ़िया मुकाबला था। मुझे लगता है कि यह मेरा सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक रहा। मैं सचमुच काफी खुश हूं, नहीं पता कि क्या कहूं। इस तरह बेरेटिनी पुरुष ग्रैंडस्लैम के एकल सेमी फाइनल में पहुंचने वाले इटली के चौथे खिलाड़ी बन गए।

उन्होंने मैच के अंतिम सेट के बारे में बताते हुए कहा कि मैं भाग्यशाली रहा कि मुझे मैच प्वाइंट मिला और वह इसे हासिल नहीं कर पाया। इस समय मुझे कोई प्वाइंट याद नहीं, सिर्फ मैच प्वाइंट याद है। मुझे अपनी डबल फाल्ट भी याद है।

एंद्रीस्कू सेमी फाइनल में, बेनसिच से मुकाबला

न्यूयार्क, 5 सितंबर (एएफपी)।

कनाडा की बियांका एंद्रीस्कू ने बेल्जियम की एलीसे मर्टंस को हराकर महिला एकल वर्ग के अंतिम चार में जगह पक्की की। इसमें उनकी भिड़ंत बेलिंडा बेनसिच से होगी।

उन्नीस साल की खिलाड़ी एंद्रीस्कू ने 25वीं वरीय मर्टंस को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। अब वह गुरुवार को होने वाले सेमी फाइनल में स्विट्जरलैंड की 13वीं वरीय बेनसिच से खेलेंगी जिन्होंने क्रोएशिया की 23वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच का सफर 7-6, 6-3 से समाप्त किया।

एंद्रीस्कू इस तरह एक दशक में अमेरिकी ओपन के अंतिम चार में जगह बनाने वाली पहली युवा खिलाड़ी बन गईं। एंद्रीस्कू और बेनसिच कभी भी एक दूसरे से नहीं खेली हैं। वहीं सेरेना विलियम्स 24वां ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतकर मार्गेट कोर्ट के रेकार्ड की बराबरी करने की कोशिश करेंगी। दूसरे सेमी फाइनल में उनका सामना उक्रेन की पांचवीं वरीय एलिना स्वितोलिना से होगा।

लोकेश राहुल की खराब फॉर्म से निराश हूं : जाफर

मुंबई, 5 सितंबर (भाषा)।

लोकेश राहुल के लगातार जूझने से भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर काफी निराश हैं। उन्हें लगता है कि इतनी काबिलियत के बावजूद भी कर्नाटक का यह खिलाड़ी एक अनसुलझी पहेली में उलझ गया है। टीम प्रबंधन द्वारा लगातार मौके दिए जाने के बावजूद राहुल सलामी बल्लेबाज के तौर पर विफल रहे हैं जिससे टीम में उनके स्थान पर सवाल उठाए गए।

राहुल ने पारी का आगाज करते हुए 36 मैचों में 33 में खेलते हुए 36.82 के औसत से रन जुटाए हैं। जाफर ने कहा कि मैं लोकेश राहुल से थोड़ा निराश हूं क्योंकि उनमें इतनी काबिलियत है, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने खेल के सभी तीनों प्रारूपों में 100 रन बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि और उनके आउट होने के तरीके से मैं थोड़ा निराश हूं क्योंकि वह कभी कभार इतने आराम से आउट हो जाते हैं। वह इतने सक्षम हैं इसलिए उन्हें इतने मौके मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को भरोसा है कि वह अच्छा कर लेंगे। जाफर ने कहा कि वह जिस तरीके आउट होते हैं और जिस तरीके से वह रन नहीं जुटा पाते, इससे मुझे हैरानी होती है।

जिनान ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रज्नेश

जिनान (चीन), 5 सितंबर (भाषा)।

शीर्ष वरीय प्रज्नेश गुणेश्वरन ने गुरुवार को चीनी ताइपे के टुंग लिन वु पर कड़े मुकाबले में जीत से जिनान ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि इस भारतीय खिलाड़ी को 162,480 डॉलर इनामी राशि के हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 6-4, 7-6 से जीत हासिल करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रज्नेश को कई ब्रेकप्वाइंट मिले लेकिन वह आठ में से केवल दो को ही अंक में तब्दील कर सके और एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले में एक बार अपनी सर्विस भी गंवा बैठे। अब उनका सामना जापान के आठवें वरीय गो सोएडा से होगा जिन्होंने तीसरे दौर के एक अन्य मुकाबले में चीन के डि वु को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी।

इस बीच युगल स्पर्धा में तीन भारतीय खिलाड़ी मौजूद हैं। शीर्ष वरीय दिविज शरण और मैथ्यू इबडन ने महज 45 मिनट में पेद्जा कर्स्टन और अकीरा संटिलान को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी।

अब उनकी भिड़ंत साकेत मायनेनी और जीवन नेदुनचेझियान की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी से होगी जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में हिरोकी मोरिया और गोंकालो ओलिवेरा की जोड़ी पर 7-5, 6-2 से जीत हासिल की।

धवन का अर्धशतक बेकार, भारत 'ए' हारा

तिरुवनंतपुरम, 5 सितंबर (भाषा)।

शिखर धवन की 43 गेंद में 52 रन की पारी के बावजूद भारत 'ए' को वर्षा से प्रभावित चौथे अनौपचारिक एक दिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत चार रन से हार गया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को जेनसन (25 रन पर तीन विकेट), एनरिच नोर्तजे (36 रन पर तीन विकेट) और लूथो सिपामला (55 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इससे भारत का मध्यक्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

बुधवार को बारिश के कारण मैच रिजर्व डे में खिंचा और गुरुवार को भी बारिश और मैदान गीला होने के कारण मैच विलंब से शुरू हुआ। शृंखला पहले ही अपने नाम कर चुके भारत 'ए' को लगातार चौथी जीत दर्ज करने के लिए 17.2 ओवर में 137 रन की दरकार थी। इस मैच का एक सकारात्मक पक्ष धवन का 15 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी-20 शृंखला से पहले फॉर्म में लौटना रहा। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज वेस्ट इंडीज दौरे पर सीमित ओवरों के मैचों में 36, 2, 3, 23 और एक रन की पारियां ही खेल पाया था। कप्तान श्रेयस अय्यर (26) और मुंबई टीम के उनके साथी शिवम दुबे (31) जब क्रीज पर थे तो भारत ए लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में दिख रहा था लेकिन नोर्तजे ने तीन गेंद के भीतर दोनों को आउट किया। इससे मेजबान टीम राह से भटक गई और नौ विकेट पर 188 रन ही बना सकी। तीन छक्के जड़ने वाले दुबे का कैच स्थनापन्न खिलाड़ी खाया जोंडो ने लपका। एक गेंद बाद कप्तान अय्यर भी डीप में कैच दे बैठे।

सिपामला की गेंद पर विकेटकीपर सिनेथेम्बा केशिले ने संजू सैमसन (01) को शानदार कैच लपका। नितीश राणा (01) और एमएस वाशिंगटन सुंदर (07) भी बड़े शॉट खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। राहुल चाहर (12 गेंद में 17 रन) एक छक्का और एक चौका जड़कर भारत को लक्ष्य के करीब ले गए लेकिन जीत नहीं दिला सके।

भारतीय अंडर-19 टीम ने एशिया कप में कुवैत को हराया

कोलंबो, 5 सितंबर (भाषा)।

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज अर्जुन आजाद के अर्धशतक से भारतीय अंडर 19 टीम ने वर्षा से प्रभावित अंडर-19 एशिया कप एक दिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने मैच में गुरुवार को यहां कुवैत को सात विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को 23 ओवर का कर दिया गया।

भारतीय कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद कुवैत की टीम आकाश सिंह (22 रन पर तीन विकेट) और पूर्णांक त्यागी (28 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने निर्धारित 23 ओवर में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

इसके जवाब में भारत ने अर्जुन (नाबाद 60) की उम्दा पारी की बदौलत 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज की। अर्जुन ने 58 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के मारे। कुवैत को मीत भवसार (28) और गोकुल कुमार (25) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। आकाश ने मीत को विकेटकीपर जुरेल के हाथों कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। कुवैत की टीम ने इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

कड़ी प्रतिस्पर्धा ने आगे बढ़ने में मदद की : इलावेनिल

नई दिल्ली, 5 सितंबर (भाषा)।

जूनियर से सीनियर सर्किट पर सफलतापूर्वक कदम रखने वाली तेजी से उभरती हुई निशानेबाज इलावेनिल वेलारिवान ने कहा कि एलीट खिलाड़ियों के बीच निशाना लगाना बिलकुल अलग होता है। बीस साल की इस निशानेबाज ने हाल में रियो दि जिनेरियो में आइएसएसएफ विश्व कप के दौरान सीनियर सर्किट पर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था।

जूनियर वर्ग में लगभग सभी शीर्ष प्रतियोगिताएं जीतने वाली अहमदाबाद की इलावेनिल ने इस साल सीनियर टीम में जगह बनाई।

बढ़त बनाने के बावजूद ओमान से हारा भारत

गुवाहाटी, 5 सितंबर (भाषा)।

कप्तान सुनील छेत्री के गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारत को गुरुवार को 2022 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के अपने पहले मैच में ओमान के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 87वें नंबर की ओमान की टीम ने पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए राबिया अलावी अल मंधार (82वें और 89वें मिनट) के अंतिम आठ मिनट में दागे दो गोल की बदौलत जीत दर्ज की।

भारत को पहले हाफ में मौके गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा जबकि दूसरे हाफ में ओमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। एशिया कप क्वालीफिकेशन 2023 की भी भूमिका निभा रहे इस मैच में हार के बाद भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि हमें गलतियों की दो बार सजा मिली। हमने मैच में अंतिम लम्हों में अंक गंवाए और अगर ऐसा नहीं होता तो हमारे पास अंत में दूसरे स्थान के लिए टक्कर देने का शानदार मौका होता।

इससे पहले मौजूदा सक्रिय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच दूसरे शीर्ष स्कोरर 35 साल के छेत्री की बदौलत भारत ने 24वें मिनट में बढ़त बनाई। छेत्री का यह 72वां अंतरराष्ट्रीय गोल है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 292, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।